नई दिल्ली

सोमवार, 24 नवंबर 2025

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 221

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 24

न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## चंडीगढ़ पर प्रस्तावित बिल पर रार! केंद्र बोला अभी अंतिम फैसला नहीं

# केंद्र की एनडीए सरकार पंजाब की राजधानी पर 'कब्जा' करने की साजिश कर रही: भगवंत

***आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिअद ने केंद्र की मंशा पर जताया कड़ा एतराज***



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री और प्रमुख विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार के चंडीगढ़ के संबंध में प्रस्तावित संविधान संशोधन को पंजाब के अधिकारों पर सीधा हमला और राजधानी को छीनने की साजिश बताया है। उधर, चंडीगढ़ को अन्य केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के समान दर्जा देने संबंधी प्रस्तावित विधेयक पर मचे राजनीतिक घमासान के बीच केंद्र सरकार ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह आगामी शीतकालीन सत्र में यह बिल पेश नहीं करेगी। पहले जारी संसद बुलेटिन में केंद्र द्वारा संविधान (131वां संशोधन) विधेयक को सूचीबद्ध किया गया था, जिसके जरिए चंडीगढ़ को अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा-नगर हवेली, दमन-दीव और पुडुचेरी जैसे यूटी के बराबर लाने की बात कही गई थी, लेकिन अब गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। यह बिल आर्टिकल 240 के तहत राष्ट्रपति को सीधे नियम बनाने का अधिकार देगा, ⏩ शेष पेज 5 पर

## चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बवाल

# चंडीगढ़ पर हम कोई विधेयक लेकर नहीं ला रहे, केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बना रहे

## सत्ताधारी आप के साथ ही कांग्रेस ने किया इसका विरोध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब सरकार ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि कांग्रेस ने भी इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी है। इसी बीच गृह मंत्रालय सामने आया है और पूरे मामले पर सफाई दी है। गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि केवल कानूनी ⏩ शेष पेज 5 पर



गृहमंत्री अमित शाह

**गृह मंत्रालय ने दी सफाई**

**पंजाब सरकार ने गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी**



नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृहमंत्रालय

### आर्टिकल 240 क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 उन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से जुड़ा है जिनके पास अपनी कोई विधायिका नहीं होती। इस सूची में वर्तमान में अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली आदि आते हैं। अगर नया विधेयक पारित हो जाता है, तो चंडीगढ़ भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दूसरे शब्दों में- चंडीगढ़ में एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जाएगा।

### गृह मंत्रालय ने कहा- पंजाब-हरियाणा में समझौता जारी रहेगा

गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया किसरकार फिलहाल सिर्फ कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान करने पर विचार कर रही है और प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। चंडीगढ़ के गवर्नर और उसके एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर ⏩ शेष पेज 5 पर

### बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए: जाखड़

केंद्र सरकार द्वारा चंडीगढ़ पर लाए जाने वाले प्रस्ताव को लेकर



पंजाब भाजपा चीफ ने सुनील जाखड़ ने अने कहा कि वह इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे चाहते हैं कि इस बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए। जाखड़ ने कहा कि चंडीगढ़ की प्रशासनिक जरूरतों को ⏩ शेष पेज 5 पर

### चंडीगढ़ की जिम्मेदारी फिलहाल राज्यपाल के पास

फिलहाल पंजाब के राज्यपाल ही चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य करते हैं। राजधानी भले ही संयुक्त हो, लेकिन प्रशासनिक शक्ति लंबे समय से पंजाब के राज्यपाल के पास रही है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और प्रशासक की नियुक्ति केंद्र के स्तर से की जाएगी।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### स्मृति मंधाना के पिता की तबीयत खराब, शादी टली

**नई दिल्ली।** क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी अचानक पोस्टपोन कर दी गई है। मंधाना के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने बताया कि सुबह में जब स्मृति के पिता नाश्ता कर रहे थे तब उनकी तबीयत खराब होने लगी।



### हैदराबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को रविवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद बहरीन से हैदराबाद आ रही गल्फ एयर की फ्लाइट जीएफ 274 को मुंबई एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट का कोना खंगाला गया, लेकिन तलाशी में कुछ नहीं मिला।



## कुछ काम नहीं आई अमेरिका की धमकी, जी-20 देशों ने जारी किया संयुक्त घोषणापत्र

# आतंकवाद की निंदा संग जलवायु परिवर्तन का मुद्दा भी प्रमुखता के साथ इस वैश्विक दस्तावेज में किया गया शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

एक तरफ टैरिफ और दूसरी तरफ जी-20 शिखर सम्मेलन के मेजबान दक्षिण-अफ्रीका को दी गई बहिष्कार वाली अमेरिका की धमकी कुछ काम नहीं आई। जोहान्सबर्ग में हुए इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का अंत भले ही अमेरिका और दक्षिण-अफ्रीका के बीच कूटनीतिक विवाद के साथ हुआ है। लेकिन इसकी एक सबसे बड़ी सफलता ये रही कि इसमें समूह के बाकी देशों की स्वीकृति के साथ एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया गया है।

जिसमें दुनिया के किसी भी देश को अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल करके धमकी न देने की बात कही गई है। घोषणापत्र में शामिल किए गए मुख्य बिंदुओं में आतंकवाद की निंदा, जलवायु परिवर्तन, किसी भी रूप में (भाषा, नस्ल और धर्म शामिल) भेदभाव न करने पर जोर दिया गया है। अमेरिका ने घोषणापत्र को लेकर अपनी आपत्ति जताई थी। लेकिन उसे दक्षिण-अफ्रीका समेत दुनिया के जी-20 के बाकी भागीदार देशों ने एक प्रकार से अनसुना करते हुए एकजुटता से अपनी हरी झंडी प्रदान की। जानकारों का मानना है कि समूह का ये घोषणापत्र संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों की पूरी तरह से अनुपालना करता हुआ नजर आ रहा है। जिसके हिसाब से दुनिया के किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता पर चोट करने या उसकी राजनीतिक आजादी पर कब्जा जमाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। घोषणापत्र की एक खास बात ये रही कि आमतौर पर सम्मेलन के अंत में इसे जारी किया जाता है। लेकिन मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने इसे जी-20 के पहले दिन (बीते शनिवार) ही जारी कर दिया था। बताते चलें ⏩ शेष पेज 5 पर




***दक्षिण-अफ्रीका ने अमेरिका को नहीं सौंपी समूह की अगली अध्यक्षता की जिम्मेदारी***

***अमेरिका जी-20 का अगले साल-2026 का अध्यक्ष है।***

### दक्षिण-अफ्रीका की नीयत में खोट है

वहीं, अमेरिका ने इस आयोजन में उसकी अनुपस्थिति और घोषणापत्र को लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका सुचारू रूप से जी-20 की अध्यक्षता हस्तांतरित नहीं करना चाहता है। वाशिंगटन को घोषणापत्र में शामिल किए गए जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से खासा ऐतराज है।

### बाद में सौंपेंगे अमेरिका को अध्यक्षता

दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला के मुताबिक, अमेरिका समूह का सदस्य है और अगर वह अध्यक्षता चाहता है तो उसे इसके लिए उचित स्तर के अधिकारी को भेजना चाहिए। शिखर सम्मेलन दुनिया के शीर्ष नेताओं का है। इसलिए या तो प्रतिनिधि या तो देश का राष्ट्रपति होना चाहिए। ऐसा भी न हो तो संबंधित देश के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया गया विशेष दूत (मंत्री स्तर का व्यक्ति) तो होना ही चाहिए। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात में अमेरिका को जी-20 की अध्यक्षता का हस्तांतरण बाद में किया जाएगा। अगले महीने ऐसा किया जा सकता है।

## जोहान्सबर्ग में भारत, ब्राजील, दक्षिण-अफ्रीका संवाद मंच की बैठक को संबोधित करते हुए बोले पीएम मोदी

# यूएन में सुधार विकल्प नहीं अनिवार्यता, आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंडः प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद रविवार को भारत, ब्राजील और दक्षिण-अफ्रीका संवाद मंच (इबसा) के राष्ट्राध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते तीन वर्षों में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समूह की अध्यक्षता के दौरान की गई पहल को भविष्य में और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सहयोग को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं। जिसमें उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में तीनों देशों को करीबी सामंजस्य से आगे बढ़ने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे गंभीर विषय पर ⏩ शेष पेज 5 पर



जी-20 के अंतिम दिन प्रधानमंत्री ने दुनिया को दिए विकास के चार जरूरी संदेश

## बोले : सतत विकास, विश्वसनीय व्यापार, पारदर्शी वित्त और समावेशी समृद्धि संग होगी प्रगति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जोहान्सबर्ग में रविवार को जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन के समापन से ठीक पहले आयोजित किए गए तीसरे अंतिम सत्र (विषयः 'ए फेयर एंड ए जस्ट फ्यूचर फॉर ऑल-क्रिटिकल मिनरल्सः डिसेंट वर्क, एआई') में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास को लेकर दुनिया को चार महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि विकास ऐसा हो जो सतत हो, व्यापार ऐसा हो जो विश्वसनीय हो, वित्त ऐसा हो जो पारदर्शी हो और प्रगति ऐसी हो जिसमें सभी की समावेशी रूप से समृद्धि को ध्यान में रखा ⏩ शेष पेज 5 पर



## एसआईआर से पश्चिम बंगाल में चमत्कार!

# 37 साल बाद लापता बेटा लौटा अपने घर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हंगामा खड़ा कर दिया है। बीजेपी और टीएमसी में आरोप-प्रत्यारोप जारी है। इस बीच, एसआईआर प्रक्रिया बंगाल के पुरुलिया में एक अनोखी कहानी का हिस्सा बन गया है। एसआईआर ने लगभग चार दशकों से बिछड़े एक परिवार को फिर से मिलाने में मदद की है। जी हां, पुरुलिया के गोबरांडा गांव में वोटर विस्ट के वेरिफिकेशन ⏩ शेष पेज 5 पर



### कैसे हुआ मिलन?

यह चमत्कार एक साधारण सरकारी फॉर्म और एक भाई की अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता से संभव हुआ। प्रदीप चक्रवर्ती, विवेक के छोटे भाई, अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर हैं। एसआईआर के दौरान उनके नाम और फोन नंबर वाले फॉर्म पूरे क्षेत्र में बांटे गए ⏩ शेष पेज 5 पर

### दो भाइयों में पहली बार हुई बातचीत

इस खबर से भावनाओं की एक ऐसी लहर उठी जिसकी किसी भी तरफ से उम्मीद नहीं थी। सावधानी भरे सवाल लंबी खामोशी में बदल गए। फिर 37 साल बाद दो भाइयों के बीच पहली बातचीत हुई। विवेक ने कहा, इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। 37 साल बाद मैं आखिरकार घर लौट रहा हूं। मैंने सबसे बात की है। मैं खुशी से भर गया हूं। मैं इलेक्शन कमीशन को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि एसआईआर प्रोसेस के बिना यह रीयूनियन कभी नहीं हो पाता। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी वापसी की तैयारी चल रही है।

## सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान

# केएल राहुल बने कप्तान, जडेजा की लंबे समय बाद हुई वापसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अभी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएंगी। इसके लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। कप्तानी की जिम्मेदारी केएल राहुल को सौंपी गई है। स्क्वाड में युवा और अनुभवी प्लेयर्स को चांस मिला है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की लंबे समय बाद वापसी हुई है।



भारतीय टीम के नियमित वनडे कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में चोटिल होने की वजह से नहीं खेल रहे हैं। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ गर्दन में ऐंठन का सामना करना पड़ा ⏩ शेष पेज 5 पर

## आज जस्टिस सूर्यकांत बनेंगे देश के 53वें सीजेआई

# विदाई समारोह में जस्टिस गवई ने कहा- रिटायरमेंट के बाद नहीं लूंगा कोई पद

***दिल्ली में ही रहूंगा और आदिवासियों के लिए काम करूंगा***

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने रिटायरमेंट के बाद कोई पद न लेने का ऐलान किया है। अपने विदाई समारोह में चीफ जस्टिस ने कई मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे और कुछ पर टिप्पणी करने से इनकार भी किया।



बीआर गवई

भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई से रविवार को रिटायर हो गए। उन्होंने कहा कि वे आदिवासियों के लिए काम करेंगे और दिल्ली ⏩ शेष पेज 5 पर

### नए सीजेआई का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में

भूषण रामकृष्ण गवई 23 नवंबर 2023 को भारतीय सुप्रीम कोर्ट के 52वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए थे और 2 साल बाद 23 नवंबर 2025 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत ⏩ शेष पेज 5 पर



## दिल्ली ब्लास्ट केस

# बारूद से भरे ड्रोन से हमले का था प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट केस एक और बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी हैंडलर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोनों की खेप भारत पहुंचानी थी। 10 किलो तक वजन उठाने की क्षमता वाले ड्रोन को अलग-अलग पार्ट्स के तौर पर भारत भेजने की साजिश रची जा रही थी, लेकिन फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल के भंडाफोड़ होने के बाद इस तबाही की साजिश का पर्दाफाश हो गया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी हैंडलर की किसी दूसरे देश से एक्सपोर्ट कंपनी के जरिये ड्रोन के पार्ट्स भारत भेजने की प्लानिंग हुई थी।



सूत्रों का कहना है कि भारत की किसी इंपोर्ट कंपनी के जरिये ड्रोन के कलपुर्जों का ऑर्डर मंगाया जाना था। ठीक वैसे ही ड्रोन जिनसे पाकिस्तान से हथियार और ड्रग्स की स्मगलिंग ⏩ शेष पेज 5 पर

### आतंकवादियों का आपस में ही था झगड़ा

विस्फोट में शामिल कार चला रहे उमर-उन-नबी को लेकर यह भी खुलासा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि जांच एजेंसियों की गिरफ्त में मौजूद अदील अहमद राठेर से उसके गंभीर मतभेद थे। अदील भी उमर के साथ विस्फोट का साजिशकर्ता है। जांच अधिकारियों के मुताबिक, हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कश्मीरी डॉक्टर उमर-उन-नबी की सोच इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) से मिलती थी। वहीं मॉड्यूल के बाकी सदस्य अल-कायदा समर्थक ग्रुप्स से जुड़े थे, जिनमें अंसार गजवत-उल-हिंद भी शामिल है। ⏩ शेष पेज 5 पर

## सरस आजीविका मेला शिल्पकारों और खरीदारों को एक मंच पर लाने के साथ देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता में भी देता है योगदान : सीएम

गुणवत्तायुक्त उत्पादों के निर्माण को किया प्रोत्साहित करने पर दिया जोर

# मुख्यमंत्री नायब ने स्वापन डिजिटल ग्राम बाजार पोर्टल और सांझा बाजार सेल्स पोर्टल का किया शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि सरस आजीविका मेला शिल्पकारों और खरीदारों को एक मंच पर लाने के साथ-साथ देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता में भी योगदान देता है। हम सबको अपने शिल्पकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं पर गर्व करना चाहिए और उनके द्वारा बनाये उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसा करके हम अपने क्षेत्र के शिल्पकारों तथा लघु उद्यमियों की मदद कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सैनी रविवार को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा राज्य ग्राम आजीविका मिशन के दो ऑनलाइन पोर्टल- स्वापन डिजिटल ग्राम बाजार पोर्टल और सांझा बाजार सेल्स पोर्टल का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों की महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों, शिल्पकारों व कारीगरों द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों के स्टालस का अवलोकन किया और उत्पादों में गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने महिलाओं की कला और कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी बहनें स्वदेशी उत्पादों का निर्माण आत्मनिर्भर भारत के सकंल्प और वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने में अपना अहम योगदान दें रही हैं। उन्होंने महिला उद्यमियों से आह्वान किया कि वे ऐसे उत्पादों का निर्माण करें जो गुणवत्ता और शिल्प की दृष्टि से विदेश उत्पादों को कड़ी टक्कर दें।

स्वापन डिजिटल ग्राम बाजार पोर्टल एक एकीकृत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से हरियाणा के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन और बिक्री की जा सकेगी। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी और आर्थिक स्वतंत्रता सुदृढ़ होगी। यह ऑनलाइन खुदरा मंच एसएचजी को अपने उत्पाद पंजीकृत करने, ऑर्डर प्राप्त करने, बिक्री का रिकॉर्ड देखने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के ग्राहकों तक पहुँचने की सुविधा प्रदान करेगा।

इसी प्रकार सांझा बाजार सेल्स पोर्टल के माध्यम से एसएचजी को निरंतर बाजार उपलब्धता, ⏩ शेष पेज 5 पर

### क्राइम ब्रांच की साइबर सेल की कार्रवाई

# पूरे भारत में 5 करोड़ 92 लाख के इन्वेस्टमेंट फ्रॉड में शामिल चार लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने ऑर्गनाइज्ड साइबर फाइनेंशियल क्राइम के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर पूरे भारत में 5.92 करोड़ के ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड की कमाई को रूट करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार यह केस एक शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें पीड़ित से 5,92,44,480 रुपए की ठगी की गई थी। दरअसल फेसबुक के जरिये इस ठगी की शुरुआत हुई थी। एक महिला ने दावा किया था कि वह सीबीसीएक्स ग्लोबल ट्रेडर्स, मुंबई नाम की एक एनबीएफसी से जुड़ी है। दो महीने से ज्यादा समय तक शिकायत करने वाले को धोखाधड़ी वाले ज्यादा रिटर्न वाले ट्रेडिंग अकाउंट में इन्वेस्ट करने के लिए उकसाया गया था। फाइनेंशियल जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपियों ने म्यूल अकाउंट, लेयर्ड शेल एंटिटी और तेजी से कैश निकालने का एक बहुत ही स्ट्रक्चर्ड नेटवर्क बनाया हुआ था। मनी ट्रेल और फाइनेंशियल एनालिसिस से पता चला कि ठगी के पैसे शुरू में 33 अलग-अलग बैंक अकाउंट में भेजे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अनस अंसारी (22), मोहम्मद कैफ (22), आकिब (40) और मोहम्मद दानिश (22) है। सभी हल्द्वानी, उत्तराखंड के रहने वाले हैं।



■ पूरे भारत में 10 साइबर क्राइम शिकायतों से जुड़े होने का पता चला

### दो करोड़ 35 लाख के स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट स्कैम का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक अन्य मामले में 2.35 करोड़ के स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट स्कैम के मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम सज्जाद अहमद और उत्तम मंडल है। धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के लिए इस्तेमाल किए गए कई बैंक अकाउंट में 20 लाख रुपये का पता भी पुलिस द्वारा लगाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रोफेशनल अकाउंट प्रोवाइडर और फैसिलिटेटर के तौर पर काम करते थे। लोगों से प्रॉफिट शेयर का वादा करके बैंक अकाउंट खरीदते थे और साइबर फ्रॉड हैंडलर्स को पूरी बैंकिंग किट (चेक बुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और लॉगिन क्रेडेंशियल) सौंप देते थे। इन अकाउंट्स का इस्तेमाल इंटरस्टेट सिंडिकेट ठगी के पैसे को रूट करने के लिए करते थे। दोनों ने चांद इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम पर एक करंट अकाउंट के जरिए फ्रॉड ट्रांजेक्शन किए, जो ठगी के पैसे को रूट करने का एक मुख्य जरिया बनकर सामने आया। पीड़ितों से सोशल मीडिया खासकर फेसबुक के जरिए संपर्क किया जाता था और उन्हें फॉरेक्स ट्रेडिंग में इन्वेस्ट करने का लालच दिया जाता था। उन्हें मनगढ़ंत मुनाफा दिखाने वाले मैनिपुलेटेड ऑनलाइन ग्रुप्स में जोड़ा जाता था। पैसे निकालने की रिक्वेस्ट करने पर पीड़ितों को झूठे बहाने, धोखा और धमकियां दी जाती थी। ठगे गए फंड को उनकी सुरक्षा और निशान छिपाने के लिए कई बैंक अकाउंट के जरिए इधर उधर भेजा जाता था।

## मुंडका में अवैध एलपीजी सिलेंडर रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज ने मुंडका में गैर कानूनी एलपीजी सिलेंडर रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान कुल 563 सिलेंडर बरामद किए गए। इसके साथ ही 15 इलेक्ट्रॉनिक फिलिंग मशीनें, वजन करने वाली मशीनें, गैर-कानूनी सीलिंग का सामान, सप्लाई के लिए इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी और मोटरसाइकिल भी पकड़ी गई है।

पुलिस के अनुसार स्वर्ण पार्क, मुंडका के एक रिहायशी इलाके में बड़े पैमाने पर गैरकानूनी एलपीजी सिलेंडर रिफिलिंग के काम का भंडाफोड़ हुआ है। आरोपी घरेलू सिलेंडर से गैस निकालकर उसे कमर्शियल सिलेंडर में भरकर बिना किसी अधिकार या सुरक्षा उपायों के ज्यादा दामों पर बेच रहे थे। इस खतरनाक काम से न सिर्फ रिहायशी इलाके में लोगों की जान खतरे में पड़ी, बल्कि जरूरी चीजों से जुड़े कानूनों का भी उल्लंघन हुआ। मौके पर की गई पूछताछ के बाद रिफिलिंग के काम में लगे गोदाम मैनेजर रामनिवास, रिफिलिंग स्टाफ अवनेश, मनोज कुमार, लोडर अर्जुन और शाहरुख को पकड़ा गया। गोदाम के मालिक और मास्टरमाइंड का नाम विनोद कुमार पुत्र जगेश राज, निवासी पीरागढ़ी कैंप, शकूर बस्ती डिपो बताया गया है। आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार करने और उसके सप्लाई नेटवर्क की पहचान करने के लिए आगे की जांच चल रही है।

## इंटरस्टेट नारकोटिक्स सिंडिकेट का मुख्य सोर्स अरेस्ट

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज 2 टीम ने इंटरस्टेट नारकोटिक्स सिंडिकेट के मुख्य सोर्स को पकड़ा है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में घोषित अपराधी था। इसमें 8 करोड़ से ज्यादा कीमत की हाई प्योरिटी हेरोइन की रिकवरी शामिल थी। पुलिस के अनुसार ड्रग सप्लायर का नाम तुषार (31) पुत्र मंजीत सिंह निवासी संयोग विहार, मटियाला है। इसका वर्तमान पता महावीर एन्क्लेव, पार्ट-1 बताया गया है। आरोपी तुषार की पहचान दोनों केस में बरामद हेरोइन के सोर्स के तौर पर हुई है। आरोपी को दोनों केस में अभी गिरफ्तार किया जाना बाकी था। फिलहाल इसे महावीर एन्क्लेव से गिरफ्तार किया गया है। तुषार का जन्म साल 1994 में करोल बाग में हुआ था। इसने द्वारका के सरकारी स्कूल से 11वीं क्लास तक पढ़ाई की है। पिता, माता और भाई क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल थे और द्वारका इलाके में गैर-कानूनी तरीके से नारकोटिक्स बेचने लगे। धीरे-धीरे तुषार भी ऑर्गनाइज्ड क्रिमिनल सिंडिकेट का हिस्सा बन गया। इसने अपनी क्रिमिनल एक्टिविटी को छिपाने के लिए महावीर एन्क्लेव में एक बुटीक शॉप भी खोली थी।

## खबर संक्षेप

### 10 साल से चरस बेच रहा अफगानी नागरिक पकड़ा

नई दिल्ली। साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी नारकोटिक्स स्क्वायड टीम ने नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले एक अफगानी शख्स गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम नजीब अहमद बताया गया है। इसके पास से 215.74 ग्राम चरस और एक स्कूटी बरामद की गई। आरोपी 2015 से बिना वैध वीजा के भारत में रह रहा था। डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार 21 नवंबर को हेड कांस्टेबल प्रदीप को सूचना मिली कि एक अफगान नागरिक लाजपत नगर-2 के आई-ब्लॉक, मुख्य बाजार रोड पर चरस बेचता है। इसके बाद इंस्पेक्टर विष्णु दत्त के नेतृत्व में एसआई यशपाल आदि की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 215.74 ग्राम चरस मिली। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली एक स्कूटी भी पकड़ी गई। नजीब अहमद 2014 में भारत आया था। वीजा समाप्त होने के बाद भी वह बिना किसी डर के यहां रह रहा था। पुलिस ड्रग्स के सोर्स का पता लगाने के लिये आगे की जांच कर रही है।

### फार्म हाउसों में चोरी करने वाले चार बदमाश दबोचे

नई दिल्ली। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की वसंत कुंज साउथ पुलिस ने फार्म हाउसों में चोरी करने वाले चार कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम सुधीर उर्फ बाबा, मंगल, साजन और पवन यादव बताये गये हैं। आरोपियों से लग्जरी घड़ियां, एक लैपटॉप, चेक बुक, लग्जरी सनग्लास और ईको वैन बरामद हुई है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार गत 18 नवंबर को केयर टेकर डी. कुमार ने पुलिस को एक फार्म हाउस में चोरी की शिकायत दी थी। बताया कि अज्ञात लोगों ने फार्म हाउस में घुस कर एसी की बाहरी यूनिट, लग्जरी घड़ियां, एक लैपटॉप, परफ्यूम और अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी। फार्म हाउस के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में पुलिस को एक ईको वैन दिखाई दी। वैन के जरिये पुलिस आरोपियों तक पहुंची औ चारों आरोपियों को घिटोरनी जंगल इलाके में छापेमारी कर वैन के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## वीकेंड पर भी दिल्ली वालों को मिली प्रदूषण की सौगात, एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली वालों को इस वीकेंड रविवार के दिन भी दमघोटू प्रदूषण की सौगात ही मिली। साप्ताहिक अवकाश पर बाहर घूमने फिरने के प्रोग्राम पर फिलहाल प्रदूषण का पहरा लगा हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार को दिल्ली-एनसीआर में एवरेज एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 380 तक पहुंच गया। करीब सुबह 7:15 बजे सबसे अधिक जहांगीरपुरी क्षेत्र में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ जो गंभीर श्रेणी में आता है। इसके बवाना में 435, आनंद विहार में 429 और अशोक विहार में 421 भी गंभीर श्रेणी में दर्ज हुआ। वहीं चांदनी चौक में 390, आरके पुरम में 397, आईटीओ में 384, पंजाबी बाग में 411, पटपड़गंज में 401, पूसा में 360 और द्वारका सेक्टर-8 में 386 दर्ज किया गया। दिल्ली के कई हिस्सों में प्रदूषण वाली स्मॉग की



परत छाई रही। पर्यावरण वैज्ञानिक एस के पुजारा ने कहा कि दिल्ली में अभी सांसों पर संकट और गहराएगा। आने वाले दिसंबर के दूसरे सप्ताह से मौसम बदलेगा जिसके बाद राजधानी में एक्यूआई और सताने वाले आंकड़ों में दर्ज होगा। लोगों को सांस लेने, सीने में जलन, आंखों से पानी निकलने से लेकर अन्य सांस संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब व हरियाणा में पराली जलाने के मामले कम बेशक हुए हैं लेकिन बंद नहीं हुए है। दिल्ली में हाल ही में ग्रेप स्टेज में बदलाव किया गया है, जो बहुत पहले ही कर देना चाहिए था। अगर यह बदलाव अक्टूबर महीने की शुरुआत में हो जाते तो काफी राहत मिल सकती थी।

## नवंबर माह में मौसम खेल रहा है अलग खेल, न कड़ाके की सर्दी, न तेज हवाएं और ना बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

इस बार नवंबर महीने में मौसम को अलग ही रंग में देखा जा रहा है। इस महीने में अब तक न कड़ाके की सर्दी देखने को मिली, न तेज हवाएं चली और न ही अभी तक बारिश हुई। कुल मिलाकर नवंबर की तीन पखवाड़े बीतने को है लेकिन एक दो दिन छोड़ दें तो अभी तक दिल्ली वालों को नर्म मौसम का सहारा मिल रहा है। मौसम विभाग का भी कहना है कि इस बार पूरे उत्तर भारत में ही ठंड बेहद कमजोर रही है। वहीं निजी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि इस बार नवंबर माह में दिल्ली सहित उत्तर भारत में सर्दी देखने को नहीं मिली। एक दो बार न्युनतम पारा सिंगल डिजिट को छोड़ दे तो अधिकांश समय मौसम राहत भरा ही रहा। कंपनी का कहना है कि नवंबर में पश्चिमी विक्षोभ नहीं आए, पहाड़ों पर बर्फबारी 80–90 कम दर्ज हुई। हालात यह है कि अभी हिमालयी क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी को बड़ा घाटा हुआ उसमें सुधार की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है। कंपनी की माने तो उत्तरी भारत के मैदानी इलाकों में अब तक कड़ाके की ठंड देखने को नहीं मिली है। नवंबर की शुरुआत में हल्की ठंड जरूर आई थी, लेकिन यह ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाई। हरियाणा और पंजाब में भी ऐसा ही रुझान दिखा। दिल्ली में 17 नवंबर को 8.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ था। लेकिन पिछले तीन दिनों से यह फिर दो अंकों में है। कुल मिलाकर नवंबर के आधे से अधिक महीना बीतने के बावजूद कड़ाके की ठंड अभी तक नहीं पहुंची है। हालांकि नवंबर वैसे भी उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के लिए सबसे कम बारिश वाला महीना होता है। पहाड़ों में भी इस समय मौसम शांत रहता है, लेकिन मध्य और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होती रहती है। यह बर्फबारी पश्चिमी विक्षोभ के कारण होती है। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद ठंडी हवाएँ पहाड़ों से नीचे मैदानी इलाकों की ओर आती हैं, जिससे तापमान गिर जाता है। आम तौर पर नवंबर में पश्चिमी विक्षोभ का रास्ता दक्षिण की ओर खिसक जाता है, लेकिन इस साल ऐसा नहीं हुआ। इस महीने कोई भी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों पर नहीं आया, इसलिए ठंड भी नहीं बढ़ पाई। कंपनी का कहना है कि नवंबर 2025 में जम्मू–कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में झीलें, ग्लेशियर और जल स्त्रोत लगभग सूखे ही रहे। इसी माह 1 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक जम्मू–कश्मीर में बारिश व बर्फबारी 80 प्रतिशत कम, और हिमाचल प्रदेश में 90 प्रतिशत कम रही है। अनुमान है कि अब नवंबर में बचा हुआ समय भी सूखा ही बीतेगा और इस कमी की भरपाई संभव नहीं है। चूंकि कोई नया पश्चिमी विक्षोभ आने वाला नहीं है, इसलिए पहाड़ों पर नई बर्फबारी की उम्मीद भी नहीं है।

## उपराष्ट्रपति करेंगे पहले स्पीकर पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाएगी, जो 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान के अंगीकरण की ऐतिहासिक स्मृति को समर्पित है। इस वर्ष के समारोह का मुख्य आकर्षण भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा एक विशेष रूप से तैयार कॉफी टेबल बुक का विमोचन होगा, जो भारत के प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर विट्ठलभाई पटेल के 24 अगस्त 1925 को केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष चुने जाने के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित की जा रही है। इस बात की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को दी है। गुप्ता ने इस कार्यक्रम को लेकर रविवार को दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), उद्यान विभाग तथा विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह तथा दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता द्वारा की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत भारत



सरकार द्वारा तैयार तीन मिनट की एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी।

गुप्ता ने बताया कि 75वें संविधान दिवस पर जारी की जाने वाली कॉफी टेबल बुक में विट्ठल भाई पटेल के जीवन, भाषणों एवं लेखन से संबंधित दुर्लभ अभिलेखीय सामग्री, महत्वपूर्ण दस्तावेज, उनके कार्यकाल की प्रमुख झलकियाँ तथा ऑल इंडिया स्पीकर्स' कॉन्फ्रेंस से जुड़े उल्लेखनीय अंश संकलित किए गए हैं। साथ ही इसमें भारत की विधायी संस्थाओं के विकास से जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री तथा आधुनिक संसद की महत्वपूर्ण छवियाँ शामिल हैं, जो भारत की लोकतांत्रिक यात्रा और श्री पटेल के अमर योगदान को समर्पित एक संक्षिप्त किन्तु समृद्ध संग्रह प्रस्तुत करती हैं। गुप्ता ने कहा कि संविधान दिवस राष्ट्र के लोकतांत्रिक आदर्शों का स्मरण कराता है और उन्होंने सभी विभागों को गरिमापूर्ण तथा सुचारु आयोजन सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समन्वय के निर्देश दिए। तैयारियाँ लगभग पूर्ण होने के साथ, दिल्ली विधान सभा एक उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित समारोह के लिए पूर्णतः तैयार है।

## एमसीडी ने प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मूल्यांकन एवं संग्रह (एएंडसी) विभाग ने अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों और नॉन-फाइलर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 2

करोड़ से अधिक की राशि वसूल की है। इस अवधि में 11 संपत्तियों और 36 बैंक खातों को अटैच किया गया। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बकाया टैक्स की वसूली के लिए सभी जोनों और वार्डों में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। वित्तीय संस्थानों के सहयोग से जिन करदाताओं ने टैक्स नहीं भरा या गलत जानकारी दी, उनके खातों को अटैच किया गया है। निगम के अनुसार, सुनियो योजना के तहत



■ 2 करोड़ से अधिक की राशि की हुई वसूली

कालकाजी वार्ड (सेंट्रल ज़ोन) ने 38 करोड़ 9 लाख रुपए, बवाना वार्ड (नरेला ज़ोन) ने 32 करोड़ 9 लाख रुपए और पटपड़गंज वार्ड (शाहदरा साउथ ज़ोन) ने 19 करोड़ 3 लाख रुपए की उल्लेखनीय वसूली दर्ज की। एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच 11 संपत्तियों को 1 करोड़ 32 लाख रुपए की बकाया राशि के लिए अटैच किया गया, जबकि 36 बैंक खातों से 69 लाख रुपए वसूले गए। निगम का कहना है कि आने वाले समय में भी ऐसे ही सख्त कदम जारी रहेंगे ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे तथा दिल्ली में विकास कार्यों के लिए राजस्व बढ़ाया जा सके।

### 31 दिसंबर के बाद उठाए जाएंगे कठोर कदम

एमसीडी ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे 31 दिसंबर 2025 तक 'सुनियो योजना' का लाभ उठाएं और अपने बकाया टैक्स समय पर जमा करें। निगम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय के बाद बकाया रखने वालों के खिलाफ संपत्ति कुर्की, बैंक खाते अटैच करने और कानूनी कार्रवाई जैसे कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ शाहबाद डेरी थाना क्षेत्र की घटना

बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी थानाक्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार शव शनिवार को शाहबाद डेरी स्थित सीएनजी पंप के पास मिला। स्थानीय लोगों ने शव को सड़क किनारे पड़ा देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शाहबाद डेरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृत्यु की वजह बीमारी, नशा या अन्य कोई आंतरिक कारण हो सकता है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे की तफ्तीश कर रही है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतक के पास से कोई ऐसा कागज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सकें। पुलिस का कहना है कि आसपास के थानों को भी मैसेज दिया गया है। गुमशुदगी रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है।

## डीडीए ने अपनी पहली टावरिंग हाईट बहुमंजिला फ्लैट योजना का समय अब 8 दिसंबर तक बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली की सबसे ऊंची इमारत में अपने घर का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर है कि अब टावरिंग हाईट बहुमंजिला फ्लैट योजना के लिए ई-ऑक्शन की डेडलाइन बढ़ाकर 8 दिसंबर 2025 कर दी गई है। तक बढ़ा दी गई है। जबकि इस योजना की अंतिम तारीख 21 नवंबर 2025 थी, जो निकल चुकी है। जानकारी अनुसार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने डीडीए उपाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक के बाद इस योजना को बढ़ाने का फैसला लेते हुए अंतिम 8 दिसंबर 2025 तय कर दी है। समय सीमा बढ़ाने का फायदा उन्हें होगा जो किन्हीं कारणों से अब तक टावरिंग हाईट बहुमंजिला फ्लैट योजना में शामिल होने के लिए अपना पंजीकरण करने से वंचित रह गए थे। डीडीए के एक



अधिकारी ने बताया कि पूर्वी दिल्ली स्थित कड़कड़डूमा में टावरिंग हाईट योजना के लिए ई-ऑक्शन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 8 दिसंबर 2025 कर दी गई है। इस योजना में शामिल होने के लिए कोई भी व्यक्ति ई-ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन और ईएमडी जमा करने की आखिरी तारीख 8 दिसंबर 2025 शाम 6 बजे तक है। डीडीए टावरिंग हाइट्स कड़कड़डूमा 48 मंजिला ऊँची इमारत होगी, जिसकी कुल ऊँचाई 155 मीटर होगी। यह इमारत आधिकारिक तौर पर राजधानी की सबसे ऊँची आवासीय इमारत के रूप में दर्ज होगी। डीडीए हाउसिंग स्कीम 2025 के पहले भाग में कुल 1,026 प्रीमियम अपार्टमेंट की पेशकश की गई हैं। अभी बिक्री के लिए उपलब्ध सभी फ्लैट बड़े यानी डबल बेडरूम, हॉल और किचन यूनिट वाले हैं। इनका आकार विशाल है, जिसमें सबसे छोटा फ्लैट लगभग 1,542 वर्ग फुट का हैं, जबकि सबसे बड़ा फ्लैट 2,690 वर्ग फीट में बना हैं। चूँकि ये दिल्ली के सबसे ऊँचे टावर में प्रीमियम श्रेणी वाले घर हैं, इसलिए उनकी कीमतें सामान्य से कहीं ज़्यादा हैं। इन फ्लैटों की कीमत 1.78 करोड़ रुपये से लेकर 3.09 करोड़ रुपये तक रखी गई है। फ्लैट का आवंटन ई नीलामी के जरिए होगा और सफल बोलीदाता को कुल कीमत की 75 प्रतिशत राशि अग्रिम जमा करनी होगी। जबकि शेष 25 प्रतिशत रकम कब्जा लेते समय चुकानी होगी, जो जुलाई 2026 तक आवंटित किया जाएगा।

## विशेष सफाई अभियान अन्य संवेदनशील वार्डों में भी चलाया जाएगा : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम स्वच्छता को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ रही है और आने वाले दिनों में इसी तरह का अभियान अन्य संवेदनशील वार्डों में भी चलाया जाएगा, ताकि त्योहारों और सर्दी के मौसम में जनस्वास्थ्य से जुड़े जोखिमों को कम किया जा सके और लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निगम में शाहदरा साउथ जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने मयूर विहार फेज-1 में विशेष सफाई अभियान के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाके में व्यापक स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम ने संयुक्त रूप से मयूर विहार फेज-1 में यह विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान गुरुद्वारा (ब्लॉक-36)



से शुरू हुआ और लगभग ढाई किलोमीटर क्षेत्र राम मार्केट के आसपास सफाई की गई।

अभियान के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें दिल्ली सरकार के यूडी सचिव विजय बिधूड़ी और एमसीडी शाहदरा साउथ जोन के उपायुक्त बादल कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे। अभियान में करीब 200 सफाई कर्मचारी, हॉर्टीकल्चर विभाग की टीम, मेंटेनेंस विंग और एमसीडी के कई अन्य विभाग जुड़े रहे। इस दौरान सड़क-नालियों की सफाई, पेड़ों की कटिंग, मलबा हटाने, फॉगिंग और कूड़ा निपटान से जुड़े कई कार्य किए गए।

### आज कांग्रेस करेगी जंतर मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा की है कि दिल्ली सरकार में बैठी भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के चुनाव पूर्व किए गए दावों को झूठा साबित किया जाएगा। इसके लिए पार्टी सोमवार को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करके लोगों को सबूत दिखाएगी कि चुनाव से पहले भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, छात्रों, बेरोजगारों से क्या क्या वादे किए थे। जबकि सत्ता में आने के महीनों बाद भी उन वादों को पूरा करना तो दूर भाजपा सरकार नाम तक नहीं लेती। यादव ने कहा कि इसलिए प्रदेश कांग्रेस भाजपा के वादों और सत्ता मिलने के बाद उनकी सरकार की हकीकत को उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि जंतर मंतर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचेगें और आम जनता भी समर्थन देने आएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों से मेरी अपील है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में जंतर मंतर पहुंचे और अपने हक की आवाज का साथ देते हुए सरकार से सवाल पूछें।

**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65100DL1993PLC053936
**पंजीकृत कार्यालय** : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001
Tel No: 111-40954225, Website: www fmecinternational.com
Email: fmecinternational@gmail.com

**द्वितीय असाधारण सामान्य बैठक और दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सूचना**

(ए) **असाधारण सामान्य बैठक :-**
एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की द्वितीय असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) उक्त ईजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का निष्पादन करने के लिये वीडियो कांफ्रैंसिंग / अन्य ऑडियो वीडियो विजुअल साधनों के माध्यम से बृहस्पतिवार, 18 दिसम्बर 2025 को अप. 1.00 बजे आयोजित की जानी निर्धारित है।
कम्पनी के ईजीएम की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां सभी सदस्यों को 24 नवम्बर 2025 को भेज दी गई है, जिनके ई-मेल आईडीज 21 नवम्बर, 2025 के अनुसार कम्पनी/ आरटीए/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास पंजीकृत हैं। इलैक्ट्रोनिकली भेजे गये अन्य संचार कम्पनी की वेबसाइट http://fmecinternational.com/investor.html पर प्रदर्शित किए गए हैं।

(बी) **ई-वोटिंग :**
सेबी (लिस्टिंग ऑबलिगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और सामान्य बैठकों पर सचिवालीय मानदंडों के प्रावधानों की अनुपालना में, कम्पनी सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी प्रस्तावों हेतु ईजीएम के स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिकली अपना मत देने के लिये इसके शेयरधारकों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, जिसके लिये कम्पनी ने ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं।
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-
1. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 12 दिसम्बर 2025 है।
2. ईजीएम की सूचना के प्रेषण की पूर्णता तिथि : 24 नवम्बर 2025
3. कोई व्यक्ति जो ईजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात् 12 दिसम्बर 2025 के अनुसार शेयर धारण करता है, अपना फोलियो नं. / डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी नं. वर्णित करते हुए fmecinternational@gmail.com और evoting@nsdl.co.in को एक ई-मेल भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि, यदि ऐसा शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो अपना मत देने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| दूरस्थ ई-वोटिंग के प्रारम्भ की तिथि व समय | सोमवार, 15 दिसम्बर 2025, पूर्वा. 9:00 बजे (आईएसटी) |
| दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन की तिथि व समय | बुधवार, 17 दिसम्बर, 2025 अप. 5.00 बजे (आईएसटी) |

4. इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति बुधवार, 17 दिसम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात नहीं दी जाएगी।
5. असाधारण सामान्य बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात http://fmecinternational.com / और एनएसडीएल की वेबसाइट अर्थात www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

सदस्य जो ईजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, भी ईजीएम में उपस्थित रह सकते हैं; यद्यपि उन सदस्यों को ईजीएम के दौरान दोबारा ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मत देने का अधिकार नहीं होगा।
ई-वोटिंग के संबंध में किसी शिकायत के मामले में, सदस्य सहायता और बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) और हैल्प सैक्शन के तहत ई-वोटिंग यूजर मैन्यूल www.evoting.nsdl.com देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा हैल्पडैस्क: 18001020990 पर कॉल करें अथवा www.fmecinternational.com पर ई-मेल करें अथवा 011-49954225 पर कॉल करें।
ई-वोटिंग का परिणाम कंपनी की ईजीएम को अथवा इसके पश्चात घोषित किया जायेगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम स्टॉक एक्सचेंजेज के पास संचारित किये जाने के साथ-साथ सदस्यों की जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाईट और एनएसडीएल की वेबसाईट पर डाला जायेगा।
उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश ईजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाए जाएंगे और शेयरधारकों से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया जाता है।

कृते व बोर्ड की ओर से
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
रोनिका डल
एसीएस 39463
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24.11.2025

### मुख्यमंत्री सहित सांसदों और नेताओं ने 50 बैठकों एवं नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित

# एमसीडी उपचुनाव : भाजपा नेताओं ने घर-घर चलाया संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

आगामी 30 नवंबर को दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में होने वाले उपचुनाव को लेकर रविवार को भाजपा नेताओं ने घर- घर जाकर संपर्क अभियान चलाया और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए अपील की। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी सहित विभिन्न नेताओं ने 50 बैठकों एवं नुक्कड सभाओं को सम्बोधित किया। साथ ही अलग अलग वार्ड में सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चांदोलिया, बाँसुरी स्वराज, प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, रविन्द्र इंद्राज एवं अनेक विधायकों ने भी प्रचार के दौरान संबोधित किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सात चुनावी बैठकें एवं जनसभाओं को संबोधित किया। प्रदेश भाजपा से मिली उक्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुबह करीब 10.30 से रात 9 बजे के बीच अशोक विहार एवं द्वारका बी वार्डों में सांसद प्रवीन खंडेलवाल एवं कमलजीत सहरावत के साथ पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सम्बोधित कर कार्यकर्ताओं को अंतिम क्षण तक मेहनत करके वोटर लिस्ट को क्रास चैक करके आगामी रविवार को अपने सूचीबद्ध वोटरों से लंच टाइम से पूर्व मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। दोपहर 1.30 बजे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ग्रेटर कैलाश वार्ड के मतदाताओं से सीधा संवाद कर विकास एवं रखरखाव पर चर्चा की जिसमें वार्ड से जुड़े आरडब्ल्युए प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इसमे सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक शिखा रॉय एवं जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी भी उपस्थित रहे।



### भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व पार्षद को हराकर देंगे मुंह तोड़ जवाब : रेखा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार शाम को विनोद नगर वार्ड के एफ ब्लॉक रोड़ पर जनसभा को सम्बोधित किया और दावा करते हुए कहा कि मेरा विश्वास है कि विनोद नगर की जनता अरविंद केजरीवाल द्वारा एक भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व पार्षद को टिकट देकर मतदाताओं को जो चुनौती दी है उसका वो उन्हें हराकर मुंह तोड़ जवाब देंगे। देर शाम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संगम विहार ए एवं नारायणा वार्डों के उपचुनाव प्रचार में मतदाताओं से ट्रिपल इंजन सरकार से जुड़कर क्षेत्र की जल समस्या के समाधान एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने की राह आसान करने की अपील की।

### भाजपा 12 में से 11 वार्ड जीत रही : सचदेवा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दावा करते हुए कहा कि चुनाव पूर्व इस रविवार को पार्टी के प्रचार को मिले जनसमर्थन के आधार पर हमारा आंतरिक आकलन है कि भाजपा 12 में से 11 वार्ड का चुनाव जीत रही है और इसका एक बड़ा कारण है हमारी संगठनात्मक शक्ति जो अपने वोटर को पहचान कर वोट डलवाने की काबलियत रखती है।

### मंत्रियों ने की भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील

दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सुबह दिचाऊं वार्ड में दोपहर बाद मुंडका में प्रवास कर मतदाताओं से दिल्ली देहात के वोटरों का भाजपा के साथ लगातार चला आ रहा समर्थन सुनिश्चित रखने की अपील की। मंत्री आशीष सूद ने नारायणा वार्ड में दो नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारायणा वार्ड का प्रभारी मंत्री होने के नाते मैं दिल्ली सरकार की ओर से आपको आश्वस्त करता हूं कि शीघ्र ही नारायणा वार्ड भी शेष राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र की तरह ही विकसित क्षेत्र बनेगा।

### सौरभ भारद्वाज ने ग्रेटर कैलाश-1 से 'आप' उम्मीदवार के लिए मांगा समर्थन




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने रविवार को ग्रेटर कैलाश-1 से पार्टी की उम्मीदवार ईशना गुप्ता के समर्थन में सभा कर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने ग्रेटर कैलाश-1 के लोगों के लिए बड़ी समस्या बनने जा रहे निर्माणाधीन अवैध अस्पताल का मुद्दा उठाया। जिस दिन आम आदमी पार्टी की सरकार की सरकार हटी, जीके-एक में 400 बेड का अस्पताल शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के विरोध के बाद भी अवैध अस्पताल बन रहा है, लेकिन भाजपा की दिल्ली सरकार और एमसीडी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। आरडब्ल्यूए को अस्पताल के खिलाफ कोर्ट जाना पड़ा है, तो अब भाजपा सरकार कोर्ट के सवालों का जवाब नहीं दे रही है। यहां के लोगों की सीएम रेखा गुप्ता से मांग है कि उनकी सरकार कोर्ट में हलफनामा दायर कर अस्पताल को अवैध बताएं। इसके बाद उनका सारा वोट ले लें। सौरभ ने कहा कि ग्रेटर कैलाश-1 के सभी लोग चाहते हैं कि यहां अवैध अस्पताल न बने, लेकिन अस्पताल खुल्लम-खुल्ला बन रहा है। यह बहुत शर्म की बात है। यहां की आरडब्ल्यूए को पैसे इकट्ठा करके बन रहे इस अवैध अस्पताल के खिलाफ कोर्ट जाना पड़ा है। सौरभ ने कहा कि यह अस्पताल सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया जा रहा है। अस्पताल बनाने के लिए सारे नियमों को ताक पर रख दिया गया है। दिल्ली जल बोर्ड के पास अस्पताल को देने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। अस्पताल से सामने से गुजर रही सड़क के पास ट्रैफिक संभालने की क्षमता नहीं है। इसके बावजूद अवैध तरीके से अस्पताल बन रहा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है, लेकिन तीन महीने से सरकार बता नहीं रही है कि उसके पास अस्पताल को देने के लिए पानी है या नहीं है। सरकार चुप बैठी है। सौरभ ने कहा कि सरकार बताए कि अवैध अस्पताल को लेकर क्या करने जा रही है।

### यादव ने राज्य चुनाव आयुक्त को अशोक विहार वार्ड में वोट चोरी और आयोग की निष्क्रियता पर लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली राज्य चुनाव आयोग आयुक्त विजय देव को अशोक विहार वार्ड में वोट चोरी और चुनाव आयोग की निष्क्रियता पर पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पत्र में लिखा कि एक व्यक्ति की फोटो वोटर लिस्ट में 91 जगह होना 90 मजदूर मतदाताओं के वोट देने के अधिकार को साजिश के तहत छीना जाना है जो ना सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि लोकतांत्रिक मान्यताओं के भी खिलाफ है। यादव ने इस पत्र की कापी मुख्य चुनाव आयोग को भी भेजी है। यादव ने बताया कि चुनाव अयोग से तुरंत प्रभाव से सभी निगम उप चुनाव वाले वार्डों में इस प्रकार की जानबूझकर वोट चोरी को ठीक करने की मांग की गई है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो तो हमें मजबूरन मतदत्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा। यादव ने पत्र में 65 नम्बर अशोक विहार वार्ड में एक ही व्यक्ति की फोटो बूथ नंबर 13, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में 91 बार लगाई गई है, जिसकी सूची भी भेजी गई है। इस बूथ में ज्यादातर मजदूर लोग रहते हैं। जो ना सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि लोकतांत्रिक मान्यताओं के भी खिलाफ है।

### चांदनी महल वार्ड से कांग्रेसी उम्मीदवार के समर्थन में उतरे यादव ने पहने काले कपड़े

**नई दिल्ली।** चांदनी महल वार्ड 75 से कांग्रेस उम्मीदवार कुंवर शहजाद ने क्षेत्र के सांसद, विधायक व पार्षदों द्वारा की जा रही उपेक्षा चलते एक दिन का मौन धारण कर विरोध प्रदर्शन किया। शहजाद के इस अलग तरीके के विरोध प्रदर्शन को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का साथ मिला। यादव ने समर्थन देते हुए खुद काले कपड़े पहने और कहा कि मैं चांदनी महल वार्ड 75 से अपने उम्मीदवार कुंवर शहजाद का पूरा समर्थन करता हुं। यादव ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार ने सही सवाल उठाया है कि वर्षों से यहां सांसद, विधायक व पार्षद है, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए किसी ने कुछ नहीं किया। इनमें भाजपा व आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य दलों के नेता भी शामिल रहे है। ऐसे में उप चुनाव में अब एक बार फिर यहां सांसदों, विधायकों व पार्षदों का अपने अपने उम्मीदवार के समर्थन में आजा जारी है। ऐसे में क्षेत्र की जनता का हक बनता है कि वह आगे बढ़कर इन सांसदों, विधायकों व पार्षदों से पूछे कि आपने अब तक यहां विकास क्यों नहीं किया। चुनाव के समय आने स्थानीय लोगों से किए गए वादे आज तक पूरे क्यों नहीं किए है। यादव ने कहा कि कांग्रेस ऐसे जन प्रतिनिधियों से सवाल पूछ रही है कि आखिर क्षेत्र का विकास कब होगा।

### दुर्गेश पाठक ने उम्मीदवार राजन अरोड़ा के समर्थन में बाइक रैली निकाली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने रविवार को वार्ड 139 में पार्टी के उम्मीदवार राजन अरोड़ा के समर्थन में विशाल बाइक रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थकों में हिस्सा लिया। बाइक रैली की शुरुआत नारायणा गांव के वाल्मीकि मंदिर से हुई, जो होली चौक, माता चौक, माता मंदिर, सोनिया गांधी कैंप के ब्लॉक-बी, लोहा मंडी और पांडव नगर होते हुए न्यू पटेल नगर में समाप्त हुई। दुर्गेश पाठक ने कहा कि पिछले एक साल से दिल्ली वाले भाजपा शासित एमसीडी से परेशान हैं, क्योंकि कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों को विश्वास है कि आप का उम्मीदवार जितेगा तो उनकी सुनवाई होगी और उन्हें इज्जत मिलेगी। विशाल बाइक रैली के दौरान दुर्गेश पाठक ने कहा कि रास्ते में जहां-जहां से भी यह रैली गुजर रही है, लोगों का भारी समर्थन और सहयोग मिल रहा है।

## गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले पर तीन दिवसीय समागम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले के ऐतिहासिक प्रांगण में रविवार से तीन दिवसीय भव्य समागम का शुरू हो गया है। दिल्ली में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित यह समागम श्रद्धा, इतिहास और सेवा भावना का अनूठा संगम बन गया है। कार्यक्रम आरंभ होने से पहले सुबह गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप को पांच प्यारों और कीर्तन जत्थों की अगुवाई में लाल किले तक लाया गया। इस दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों सहित हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। लाल किले पहुंचकर प्रारंभिक अरदास से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। कार्यक्रम में तीन दिनों तक हर शाम विशाल कीर्तन दरबार आयोजित होगा जिसमें विभिन्न प्रख्यात रागी जत्थों द्वारा गुरु साहिब की वाणी का स्वरबद्ध कीर्तन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मुख्य पंडाल में एक समय में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही, संगत के रात्रि प्रवास के लिए विस्तृत टेंट सिटी तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बाबा कश्मीर सिंह भूरी वालों की अगुवाई में विशेष लंगर सेवा लगातार चलाई जा रही है। साथ ही, लाइट एंड साउंड शो और चित्र प्रदर्शनी भी लोगों को लुभा रही है। प्रदर्शनी में गुरु इतिहास को तस्वीरों और विवरणों के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। आयोजन समिति के अनुसार देश-विदेश से लगातार संगत कार्यक्रमों में पहुंच रहीं हैं।



■ कैबिनेट मंत्री सिरसा ने समागम में आई संगत से मुलाकात की और कीर्तन पाठ सुना

### गुरु तेग बहादुर साहिब ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान दिया : रेखा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की उस ऐतिहासिक शहादत की जिसने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान दिया। रविवार से तीन दिवसीय समागम शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समागम में गुरु साहिब के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों को विशेष म्यूजियम, लाइट-एंड-साउंड शो और संकीर्तन के माध्यम से सार्थक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने सभी को इस पवित्र आयोजन में आमंत्रित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर गुरु साहिब के चरणों में नतमस्तक हों और उनके अमर संदेश को नई पीढ़ियों तक पहुंचाएं।

### सिरसा ने समागम में आई संगत से की मुलाकात

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने लाल किले पहुंचकर गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित समागम में देश के कोने-कोने से आई संगत से मुलाकात की। और उनके साथ कीर्तन पाठ सुना।

### मोदी सरकार देश की एकजुटता के लिए कर रही है कार्य : मनोज

**नई दिल्ली।** दशकों तक देश का बंटवारा करने वाले विचार का राज रहा और अब मोदी सरकार देश की एकजुटता के लिए कार्य कर रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को क्षेत्रीय जिला प्रशासन द्वारा शाहदरा और सेंट्रल सेंट्रल जिले में आयोजित एकता मार्च के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश तमाम रियासतें और राजवाड़ों में बांटा हुआ था जिसको एकजुट करने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को एकजुट भारत की कल्पना को साकार करने के लिए अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई। सरदार वल्लभभाई पटेल ने खंड-खंड में बटा हुआ आजाद भारत एकजुट भारत की कल्पना को साकार किया जबकि कश्मीर के विलय की जिम्मेदारी जवाहरलाल नेहरू को सौंपी गई। वहीं, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने किया।

### सड़कों और सफाई की बदहाली से लोग परेशान

# पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर में रात के समय अंधेरा ही अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के दीपावली पर राजधानी में व्यापक प्रकाश व्यवस्था के दावों के विपरीत, पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर की तस्वीर बिल्कुल उलट है। यहां पिछले तीन चार वर्षों से स्ट्रीट लाइटें जलती हुई नजर ही नहीं आई है, जिससे यह पूरा इलाका रात होते ही घने अंधेरे में डूब जाता है। सर्दियों में जल्दी अंधेरा होने के कारण यहां नौकरी पेशा वर्ग इसे 'अपराधों के लिए संवेदनशील ज़ोन' बताते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि 'स्ट्रीट लाइटों का रख-रखाव अब पूरी तरह ठप' है और अंधेरे का लाभ उठाकर असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ने का डर बना रहता है। दूसरी तरफ, ट्रांसपोर्ट सेंटर के अंदर नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं हो रही, जिससे 'गंदगी, बदबू और मच्छरों का प्रकोप' बना रहता है।

### 'धूल का गुबार' उड़ाती नजर आती हैं यहां की सड़कें

ट्रांस्पोर्ट सेंटर है तो वाहनों को आवागमन तो नियमित होना ही है। और वहीं टूटी और उखड़ी सड़कें वाहनों की आवाजाही के दौरान 'धूल का गुबार' उड़ाती हैं, जिससे प्रदूषण की एक नई परत यहां लगातार मंडरा रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराया जाए, अंदर की सड़कों की मरम्मत की जाए, नालों की नियमित सफाई कराई जाए, और इलाके को 'अपराध मुक्त' बनाने के लिए रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।

### कांग्रेस के समय रहती थी प्रकाश व्यवस्था

यहां ट्रांस्पोर्ट सेंटर में मरम्मत कार्य से जुड़े एक नागरिक ने बताया कि 'कांग्रेस के समय हर स्ट्रीट लाइट चलती थी। रोशनी रहती थी, सुरक्षा रहती थी। पिछले 11 साल में पहले आम आदमी पार्टी और अब भाजपा के शासन में यह पूरा इलाका बदहाल हो चुका है। सड़कें टूटी हैं, लाइटें बंद हैं, नाले साफ नहीं। बारिश में तो जलभराव इतना होता है कि नाले और गड्ढे तक नजर नहीं आते। कई लोग गिरकर चोटिल हुए हैं।

## मतदाता जागरूकता को लेकर ऑटो रैली को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली।** एमसीडी उपचुनाव 2025 में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी दिल्ली जिले में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में रविवार को को वार्ड संख्या 198 विनोद नगर में " मतदाता जागरूकता ऑटो रैली" का आयोजन किया गया, जिसे एसडीएम (इलेक्शन) मधु भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और 30 नवंबर को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना था। रैली स्थानीय इलाकों में घूमकर लोगों को 'एक वोट, एक जिम्मेदारी' का संदेश दे रही है। एसडीएम मधु भाटिया ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 30 नवंबर को वोट देना न भूलें। आपका वोट, आपकी आवाज है। बताया गया कि इस तरह की गतिविधियों से मतदान प्रतिशत में सकारात्मक बढ़ोतरी की उम्मीद है।



## कैंप में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई

# टेकराम डागर की 18वीं पुण्यतिथि पर आशा ज्योति विद्यापीठ संस्थान में हुआ नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



सेक्टर 65 शाहपुरा स्थित आशा ज्योति विद्यापीठ संस्थान में आज एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। प्रमुख समाजसेवी चौधरी टेकराम डागर जी की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित इस कैंप में सैकड़ो लोगों ने जहां अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

वही लगभग 209 ऐसे मरीज की पहचान की गई, जिनको आंखों के ऑपरेशन की जरूरत है, इन सभी का अब विजीटेक आई केयर सेंटर जसोला नई दिल्ली में आंखों का ऑपरेशन भी कराया जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी देते हुए कैंप के आयोजक एवं आसाराम टेकराम एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा आशा ज्योति विद्यापीठ संस्थान के चेयरमैन सत्यवीर डागर ने बताया कि आज के कैंप में जहां विजीटेक आई केयर सेंटर जसोला के डॉक्टरों ने आंखों की जांच व मोतियाबिंद की जांच की, वही सर्वोदय अस्पताल की टीम ने हृदय, मधुमेह, हड्डी, घुटना, गठिया, स्त्री रोग, कैंसर, ब्लड प्रेशर, थायराइड एवं सामान्य रोग के साथ-साथ ईसीजी इत्यादि जांच की सुविधा उपलब्ध कराई।

सतवीर डागर के अनुसार सुधा रस्तोगी डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों ने यहां पर दांतों की जांच की, तो रेडक्रॉस एवं सर्वोदय अस्पताल की टीम ने यहां लगाए गए रक्तदान शिविर में करीब 200 रक्तदाताओं का रक्त एकत्रित किया। उनके अनुसार इस मौके पर एनआईटी फरीदाबाद के पूर्व विधायक नीरज शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक, मनोज अग्रवाल, राजन ओझा, विवेक प्रताप सिंह, मोहम्मद बिलाल, रेनू चौहान, प्रमुख शिक्षाविद् गिरीश भारद्वाज, बीडी शर्मा, दीपक यादव, टी एस दलाल, नरेंद्र परमार, ओ पी धनकड़, अवतार कलीराम, नारायण डागर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

प्रगतिशील किसान मंच के अध्यक्ष सतवीर डागर ने बताया कि आसाराम टेकराम एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रत्येक साल यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। प्रत्येक वर्ष ही यहां पर जिन लोगों को आंखों के ऑपरेशन की जरूरत होती है वह ऑपरेशन किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस का कांबिंग अभियान लगातार जारी



**फरीदाबाद।** हाई अलर्ट के बाद से ही फरीदाबाद में निरंतर कांबिंग अभियान जारी है, जिसके अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस द्वारा थाना स्तर पर धार्मिक स्थल, किराएदार, पुरानी कार खरीदने बेचने वालों, होटल, साइबर कैफे, सिम खरीदने बेचने वालों आदि पर जांच की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज 23 नवंबर को थाना डबुआ, बीपीटीपी, खेड़ी पुल, थाना आदर्श नगर व एसजीएम नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई।

### यातायात कर्मियों को एक्सपर्ट ने जानकारी दी



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल के मार्ग दर्शन एसीपी ट्रैफिक शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक थाना में होंडा कंपनी के सहयोग से एक रोड सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसीपी शैलेन्द्र सिंह, एसएचओ अनोज कुमार, पुलिस के विभिन्न जोनल अधिकारियों, यातायात थाना फरीदाबाद के समस्त पुलिसकर्मी तथा ट्रैफिक ताऊ ईएसआई वीरेंद्र बल्हारा उपस्थित रहे।

### दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल चोरी



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वंशज वासी सेक्टर-75 फरीदाबाद ने पुलिस के शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 14 नवम्बर की रात को उसकी सेक्टर-8 फरीदाबाद स्थित दुकान का ताला तोड़कर को नामपता नामालुम फोन चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर-8 में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## एक मुहिम तीन लक्ष्य स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर फरीदाबाद

# शहर की सांस्कृतिक धारा को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम करेंगेः मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद में हरियाली, सौंदर्यीकरण और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु नगर निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा एक बड़े स्तर पर रविवार को हरित अभियान की शुरुआत की गई है। यह जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सेंट्रल पार्क, आरडब्ल्यूए सेक्टर-14 में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा आयोजित शीतकालीन फूल वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा और मेयर प्रवीण जोशी भी मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद एक समय सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और जीवंत शहर हुआ करता था, लेकिन औद्योगिक विस्तार के बीच उसकी सांस्कृतिक पहचान कहीं दब गई। इस दिशा में अब नगर निगम और प्रशासन मिलकर ओपन एयर थिएटर सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज पार्क आधारित गतिविधियों जैसे आयोजनों के माध्यम से शहर की सांस्कृतिक धारा को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने इस पहल को फरीदाबाद को एक बार फिर हैपनिंग सिटी, स्वस्थ शहर और स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जब शहर का पर्यावरण सुधरता है तो नागरिकों की मेंटालिटी और मानसिक सेहत पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार शहर के सभी सेक्टरों में पार्क प्रतियोगिता करवाने की घोषणा की गई है जिसके अंतर्गत जिस सेक्टर का पार्क सर्वाधिक सुंदर होगा उसे 1 लाख का पुरस्कार तथा मुख्यमंत्री एवं प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता की विस्तृत रूपरेखा जल्द ही जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के छोटे-छोटे 1000 से 2000 गज क्षेत्रफल वाले लेफ्ट आउट क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां 500 सिटी फॉरेस्ट विकसित किए जाएंगे, जो आने वाले वर्षों में फरीदाबाद के ऑक्सीजन चैंबर के रूप में कार्य करेंगे। इनमें से 15 सिटी फॉरेस्ट पहले ही विकसित किए जा चुके हैं, जो भविष्य में शहर के ऑक्सीजन चैंबर के रूप में कार्य करेंगे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज मेयर प्रवीण जोशी का यह इनिशिएटिव है और बहुत अच्छे तरीके से किस तरीके से एक हैप्पी जो फीलिंग्स है वो जनता के अंदर लाई जाए तो उस टाइप जीता जागता नमूना आज यहां पर देखने को आपने मिला। 17 करोड़ सैंपलिंग पौधे की पौध तैयार की गयी है। हर गार्डन के साथ-साथ हर घर की बालकनी के अंदर, हर घर के आंगन के अंदर ये पौधे खिले, ऐसा प्रयास है। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों तथा विभिन्न एनजीओ सबको सम्मिलित करके आज इसकी शुरुआत की गई है और पूरे फरीदाबाद में अगले 1 महीने के अंदर जगह-जगह पर छोटे-बड़े रंग बिरंगे जो फूल जो सर्दियों के अंदर बहुत खास बहुत खुशनुमा फीलिंग देते हैं।

वो सब लगकर तैयार हो जाएंगे और फरीदाबाद को स्वच्छ फरीदाबाद, स्वस्थ फरीदाबाद बनाने के साथ-साथ एक खूबसूरत फरीदाबाद की ये मुहिम है। इससे बहुत बड़ा प्रभाव लोगों के अंदर आएगा। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद एक समय सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और जीवंत शहर हुआ करता था, लेकिन औद्योगिक विस्तार के बीच उसकी सांस्कृतिक पहचान कहीं दब गई।

### फरीदाबाद में हरित सांस्कृतिक नवजागरण की शुरुआतः विपुल गोयल



### ननि और प्रशासन मिलकर काम करेंगे

इस दिशा में अब नगर निगम और प्रशासन मिलकर ओपन.एयर थिएटर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज, पार्क आधारित गतिविधियों जैसे आयोजनों के माध्यम से शहर की सांस्कृतिक धारा को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने इस पहल को फरीदाबाद को एक बार फिर हैपनिंग सिटी, स्वस्थ शहर और स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जब शहर का पर्यावरण सुधरता है, तो नागरिकों की मेंटालिटी और मानसिक सेहत पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिनिधियों की मौजूदगी। इस अवसर पर पार्षद मुकेश अग्रवाल, सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, दिलीप वर्मा, आशु वर्मा, नरेश शर्मा, पंकज गर्ग, जीएस रावत, नीरज चावला सहित अनेक सामाजिक प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

#### मानव सेवा समित कार्यालय मानव भवन में हुआ आयोजन

## जनहित में मानव सेवा समिति के सेवा कार्य सराहनीयः टिपरचंद शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

रविवार को मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मानव कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के पांचवे बैच के 11 छात्रों को उनकी सफल ट्रेनिंग के बाद प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा छटे बैच के नये विद्यार्थियों की कंप्यूटर ट्रेनिंग शुरू की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने कहा कि शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति 1999 से लगातार जरूरतमंदों की सेवा सहायता में दर्जनों सेवा प्रोजेक्ट चला रही है उसके सभी कार्य सराहनीय व प्रशंसनीय हैं।

#### सैकड़ों लोगों ने जांच कराई

## भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद



भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन व राजनगर आरडब्ल्यूए ने रविवार को रामलीला मैदान, राजनगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यतंती केयर फाउंडेशन व पीजीआई नोएडा के सहयोग से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर में सैकडों लोगों ने अपनी निःशुल्क जांच कराई। सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि एसीपी सूर्यबलि मोर्या व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पार्षद प्रवीण चौधरी ने किया। राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सीए डी के गोयल व भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए विनय मित्तल ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट, डायटिशियन, दंतए नेत्र रोग आदि के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवा दी।

#### 358 शिकायतों का निस्तारण, 7 लाख 71 हजार रुपए खातों में फ्रिज

## साइबर टीम ने एक सप्ताह में 11 मामलों का निस्तारण कर 32 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 15 से 21 नवंबर के बीच कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है व 19,74,627 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 11 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 2, सेंट्रल के 3 व बल्लबगढ़ के 6 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 19,74,627 रूपए बरामद किये हैं।

इसी प्रकार 358 शिकायतों का निस्तारण कर 7,71,032 खातों में फ्रिज कराए हैं। यह कार्रवाई साइबर थानों की टीम ने 15 से 21 नवंबर तक एक सप्ताह के दौरान की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश, धर्म सिंह, विनोद, खिलाफत, शिवम राठौर, समीर, संदीप महतो, विवेक, मंगत सिंह, हिमांशु, शिवम तिवारी, अभिषेक शर्मा, सुभाष, अभिषेक कुमार, अमन सोनी, आशुतोष राय, सूरज सिंह, संतोष कुमार, जियाउल इस्लाम, धीरज कृपलानी, आकाश, सुनील, आशीष मलिक, कौशल, राकेश नाथ, नीरज शर्मा, अभिषेक, शिवलाल, प्रभाकांत, रिमांशु व कौशल का नाम शामिल है।

## बीमारी व नौकरी छूटने से परेशान युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** पालम विहार थाना क्षेत्र के चौमा गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने बीमारी व नौकरी छूटने से परेशान होकर शनिवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। जिसमें युवक ने परेशान होकर खुदकुशी करने की बात लिखी है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार, मध्यप्रदेश के पन्ना निवासी 25 वर्षीय संजू गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी करता था। वह गुरुग्राम में गांव चौमा में अपने भाई व मां के साथ रह रहा था। वह कुछ दिन से बीमार चल रहा था और नौकरी भी छूट गई थी। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। शनिवार को संजू ने चौमा स्थित अपने किराए के कमरे मे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सुसाइड की कार्रवाई करते हुए रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी दीपक ने बताया कि परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं।

#### 'पेज टू स्टेजः 6वें अंतर्विद्यालयी शेक्सपियर वार्षिक नाटक प्रतियोगिता' का आयोजन

## इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद



इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल (आई पी एस), प्रताप विहार ने सफलतापूर्वक अपने 6वें वार्षिक पेज टू स्टेजः एक अंतर्विद्यालयी शेक्सपियर नाटक प्रतियोगिता की मेजबानी की, जिससे छात्रों में नाटकीय उत्कृष्टता और साहित्यिक समझ को बढ़ावा देने की अपनी परंपरा को जारी रखा।

आयोजन में एनसीआरके कई स्कूलों ने शास्त्रीय साहित्यिक कृतियों को जीवंत नाटकीय प्रस्तुतियों में बदल दिया। प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यालयों ने शेक्सपियर की कालजयी रचनाओं को मंच पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट अभिनय, सटीक निर्देशन, प्रभावशाली सेट-डिज़ाइन तथा भाव-प्रधान संवाद अदायगी ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में विलियम शेक्सपियर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित एक रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों की साहित्यिक समझ और जागरूकता स्पष्ट रूप से झलक उठी। हर साल, जहाँ साहित्यिक पात्रों को जीवंत किया जाता है, और एक ऐसी दुनिया में खुद को डुबो देते हैं जहाँ साहित्य पृष्ठों से बाहर निकल आता है। प्रतियोगिता का समापन एक भव्य पुरस्कार समारोह के साथ हुआ, स्कूल, इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल, इंदिरापुरम ने प्रतिष्ठित विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया।

एक प्रमुख आकर्षण सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार था, जो इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार के प्रज्वल थपलियाल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया।

#### नौ घंटे तक चली माईक्रो सर्जरी, जीने की नई राह दिखाई

# युवक का कटा हाथ जोड़कर चिकित्सकों ने दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

जटिल सर्जरी के जरिए कटा हाथ जोड़कर मणिपाल हॉस्पिटल गुरुग्राम के डॉक्टरों ने एक युवक को नई जिंदगी दी है। चिकित्सकों की टीम ने करीब नौ घंटे तक चली माईक्रो सर्जरी से 28 साल के युवक को जीने की एक नई राह दिखाई। दरअसल, 28 साल के युवक के हाथ का एक तिहाई हिस्सा तेज धार से कट गया।

युवक अपने घर में कमाने वाला अकेला सदस्य है। उसे गंभीर हालत में मणिपाल हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉ. आशीष ढींगरा, कंसल्टैंट - प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम की टीम ने करीब नौ घंटे तक चली इस माइक्रो सर्जरी के जरिए कटा हाथ जोड़ दिया।

डा. ढींगरा ने बताया कि युवक जैसे ही हास्पिटल आया चिकित्सकों की टीम तैयार थी। पहले प्लास्टिक सर्जरी की टीम ने उनके घाव को अच्छी तरह साफ किया, टूटी हुई हड्डियों को जोड़ा और कट चुकी माँसपेशियों एवं टेंडन को ठीक किया। इसके बाद माईक्रोस्कोप की मदद से सूक्ष्म रक्तवाहिनियों को आपस में जोड़ा गया ताकि उनके हाथ में खून का प्रवाह फिर से स्थापित हो सके। इस पूरी सर्जरी में नौ घंटे का समय लगा। सर्जरी के दौरान एक दिक्कत यह आई कि मरीज का ब्लड ग्रुप सामान्य नहीं था। इसलिए सर्जिकल टीम और एनेस्थेसिया टीम के बीच लगातार तालमेल बनाए रखने की जरूरत पड़ी, ताकि पूरी प्रक्रिया के दौरान खून के नुकसान को संभालकर मरीज की हालत को स्थिर बनाकर रखा जा सके। डॉ. आशीष ढींगरा ने कहा कि कटे हुए अंग को लगाने के मामले असामान्य नहीं हैं। लेकिन इस बारे में जागरुकता बढ़ाए जाने की जरूरत है। जिन हॉस्पिटलों में रिइंप्लांटेशन की टीमें मौजूद रहती हैं, वहाँ पर कटे हुए अंगों को फिर से स्थापित किया जा सकता है। अगर शरीर के कटे हुए हिस्से में बहुत ज्यादा नाजुक नसें, टेंडन और रक्तवाहिनियाँ होती हैं, तो कटे हुए अंग को संरक्षित करने से लेकर माईक्रोसर्जरी द्वारा रिपेयर करने तक एक-एक मिनट बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।



युवक का कटा हाथ जोड़के बाद उत्साहित चिकित्सकों की टीम।

## जबरन वसूली और धमकी देने के मामले में एक और आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने में थाना मुजेसर के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अनिल निवासी राजीव कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी हार्डवेयर चौक पर मीट की दुकान है, 30 मई को उसके व्हाट्सएप पर कॉल आया जिसने उससे एक लाख रुपए की फिरौती मांग। अक्षय व इरशाद उसकी दुकान पर आए धमकी देकर उससे दस हजार रुपए ले गए कहा कि पैसे विक्की व रोहित को देने है बाकि के पैसे तैयार रखना। 4 जून को 3-4 लड़के उसकी दुकान पर आए और उससे दस हजार रुपए और लेकर गए पैसे ना देने जान से मारने की धमकी दी।

#### दिल्ली-मुंबई तक फैला नेटवर्क

## कैंसर की दवा की काला बाजारी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच व औषधि विभाग ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए कैंसर की दवाईयों की कालाबाजारी व तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है।

इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 01 बॉयल कितरुदा, 04 इंजेक्शन इन्हेर्तु 02, 10 जीईएफतिब समेत कैंसर को दवाईयां, 08 लाख 85 हजार रुपए नगद व घटना मे प्रयुक्त गाड़ी एक्सयूवी 700 कार बरामद हुई है। यह सभी दवा बिना बिल पर्चे की हैम इन औषधियों की गुणवत्ता प्रभावित होने की प्रबल संभावना थी। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि कि ये कैंसर की दवाईयों की कालाबाजारी व तस्करी करने का काम करते है। बरामद औषधियाँ एंटी कैंसर / कैंसर की बीमारी में काम आती है एंव इनमें से कुछ औषधियाँ जिनको कोल्ड चेन यानी 2 से 8 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान में रखा जाता है को बिना कोल्ड चेन मेन्टेन किए उनको बैंग व गत्ते के कॉर्टन में भंडारित पाया गया। इन औषधियों की गुणवत्ता प्रभावित होने की प्रबल सम्भावना है। इन औषधियों मे से एक कीट्रोडा बैच सं.-007802 जिसकी कीमत रुपए 2,16,500/- अंकित है।

## खबर संक्षेप

### डायनासोर आ सकता है पर बिहार में राजद नहीं

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार पर जीतनराम मांझी ने तंज कसा है।



सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि धरती पर डायनासोर फिर से आ सकता है पर बिहार में राजद की अब वापसी नहीं होगी। विगत चुनाव में 143 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद राजद को मात्र 25 सीटों पर सफलता मिली। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने लालू यादव का सपना अधूरा रह गया।

### अयोध्या:मंदिरों में गूंजेंगी तालानगरी में बनीं घंटियां

**अयोध्या।** ताला और हार्डवेयर के लिए विश्व प्रसिद्ध अलीगढ़ के उद्योग जगत में एक और



आध्यात्मिक उपलब्धि जुड़ गई है। यहां के कारीगरों द्वारा बनाई गईं विशेष घंटियां 25 नवंबर को अयोध्या में होने जा रहे भव्य राम मंदिर ध्वजारोहण आयोजन के दौरान वहां के राम मंदिरों में गूंजेंगी।स्थानीय मूर्ति कारोबारियों ने इन घंटियों को व्यापारियों के माध्यम से अयोध्या भेजा है।

### कार चलाना सीख रहे बेटे ने मां को कुचला

**बाराबंकी।** जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के




बहुता गांव में कार चलाना सीख रहे बेटे ने गलती से अपनी मां को कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजन शोक में डूब गए।

## पेज एक का शेष

### चंडीगढ़ पर हम ....

प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है और चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। संसद की तरफ से जारी इस बुलेटिन के सामने आने के बाद पंजाब में राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब से चंडीगढ़ छीनने की कोशिश कर रही है।

**राजनीति चमकाने विपक्ष कुछ भी बोल रहा:** भाजपा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि बिल चंडीगढ़ में नई व्यवस्थाओं के लिए सुविधाजनक बदलाव के तौर पर लाया जा रहा है। सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए विरोध कर रहे हैं।

### गृह मंत्रालय ने ....

में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। चंडीगढ़ का जो पारंपरिक समझौता वर्षों से चला आ रहा है, वह जैसा है वैसा ही जारी रहेगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा और चंडीगढ़ के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने यह भी साफ कर दिया कि इस विषय पर किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। शीतकालीन सत्र में सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं है कि वह इस मामले में कोई बिल पेश करे।

### बिल से जुड़े फैसलों ....

पूरा करने के लिए हम पंजाब की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। चंडीगढ़ केवल एक भौगोलिक हिस्सा नहीं है, पंजाब की भावनाएं इससे जुड़ी हैं। इसमें किसी तरह की अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए।

### केंद्र की एनडीए....

जिसे पंजाब की सभी प्रमुख पार्टियों ने संघीय व्यवस्था का उल्लंघन और पंजाब के संवैधानिक हक पर कुठाराघात माना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस कदम को 'बहुत बड़ा अन्याय' कहा और आरोप लगाया कि केंद्र की एनडीए सरकार पंजाब की राजधानी पर 'कब्जा' करने की साजिश कर रही है।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के प्रशासनिक दर्जे को बदलने के लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, 2025 लाने का प्रस्ताव दिया है। इस कदम से पूरे पंजाब में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल समेत सभी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस बिल का मुख्य उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को संविधान के आर्टिकल 240 के दायरे में लाना है। आर्टिकल 240 राष्ट्रपति को चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सीधे नियम बनाने और कानून लागू करने का अधिकार देता है, जो संसद के कानून के समान शक्ति रखते हैं।

इस संशोधन के बाद, चंडीगढ़ बिना विधानसभा वाले दूसरे केंद्र शासित प्रदेशों (जैसे लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार) की तरह हो जाएगा। इससे राष्ट्रपति को शहर के लिए नियम बनाने और शायद एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त करने की शक्ति मिल जाएगी। अभी चंडीगढ़ का प्रशासन पंजाब के गवर्नर संभालते हैं, यह व्यवस्था 1984 से लागू है।

पंजाब के सभी राजनीतिक दलों ने इस प्रस्ताव को पंजाब के अधिकारों पर हमला और राजधानी छीनने की साजिश बताया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह फैसला 'फेडरल स्ट्रक्चर को तोड़ता है' और पंजाब के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। उन्होंने दृढ़ता से दोहराया, 'चंडीगढ़ पंजाब का है और पंजाब का ही रहेगा।' सुखबीर सिंह बादल ने कानून को 'पंजाब के अधिकारों पर सीधा हमला' बताते हुए केंद्र पर धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि केंद्र 1970 में ही चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपने के लिए सहमत हो गया था, लेकिन वादा कभी पूरा नहीं हुआ। कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने इस कदम को 'पूरी तरह से गैर-जरूरी' बताया और चेतावनी दी कि चंडीगढ़ को पंजाब से 'छीनने' के 'गंभीर नतीजे' होंगे। कांग्रेस ने संसद में बिल का कड़ा विरोध करने की कसम खाई है।

गृह मंत्रालय ने 'एक्स' पर स्पष्ट किया, "केंद्र सरकार द्वारा केवल चंडीगढ़ के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल करने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है। इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। यह प्रस्ताव किसी भी तरह से चंडीगढ़ की मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था, शासन प्रणाली या पंजाब-हरियाणा के साथ इसकी पारंपरिक संबंधों को प्रभावित नहीं करता।"

### आतंकवाद की निंदा ...

कि सम्मेलन के बहिष्कार के पीछे अमेरिका का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका अपने देश की श्वेत अल्पसंख्यक आबादी का उत्पीड़न कर रहा है। जिसे अफ्रीका महाद्वीप के देश से पूरी तरह से खारिज किया है।

### यूएन में सुधार विकल्प...

किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए इबसा देशों को आतंकवाद पर एकजुटता से कदम उठाने चाहिए। 2021 में भारत की अध्यक्षता में इबसा के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की पहली बैठक हुई थी। सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए हम इसे संस्थागत रूप दे सकते हैं।

**वास्तविकताओं से कोसों दूर यूएन:** उन्होंने कहा कि तीनों देश इस बात पर भी सहमत हैं कि वैश्विक संस्थान 21वीं सदी की वास्तविकताओं से कोसों दूर हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में हममें से कोई भी देश स्थायी सदस्य नहीं है। जिससे ये साफ हो जाता है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। इसलिए इबसा को एक स्वर में पूरी दुनिया को ये संदेश देना चाहिए कि संस्थागत सुधार अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। उन्होंने समूह की बैठक को ऐतिहासिक और समायोचित बताते हुए कहा कि अफ्रीकी द्वीप पर पहला जी-20 ग्लोबल साउथ देशों की समूह की चार लगातार अध्यक्षताओं का अंतिम आयोजन है। इबसा देश बीते 36 महीनों के दौरान एक के बाद एक जी-20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। तीनों सम्मेलनों में हमने मानव केंद्रित विकास, बहुआयामी सुधार और सतत विकास जैसी साझा प्राथमिकताओं को लेकर कई पहल की हैं। उन्होंने कहा, आज की बिखरी हुई विभाजित दुनिया में इबसा एकता, सहयोग और मानवता का संदेश दे सकता है। जो हमारी जिम्मेदारी और ताकत दोनों को प्रदर्शित करता है।

**ये हैं इबसा के असली मायने:** पीएम ने इबसा के बारे में बताते हुए कहा, यह केवल तीन देशों का एक समूह नहीं है। बल्कि यह तीन महाद्वीपों को जोड़ने वाला, तीन बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियों, तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण मंच है। समूह हमारे लिए एक ऐसा गहरा और आत्मीय बंधन भी है। जिसमें विविधता से लेकर सांझे मूल्य और आकांक्षाएं भी शामिल हैं।

**मानव केंद्रित विकास में तकनीक महत्वपूर्ण:** उन्होंने कहा कि मानव केंद्रित विकास को सुनिश्चित करने में तकनीक की एक अहम भूमिका है, जिसमें उभरती हुई तकनीकों (डीपीआई, कृत्रिम मेधा) के मामले में इबसा एक जरूरी भूमिका निभा सकता है। हम मिलकर इबसा डिजिटल इनोवेशन अलायंस स्थापित कर सकते हैं। जिसमें यूपीआई (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कोविन, हेल्थ प्लेटफार्म और साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क, महिला आधारित तकनीकी कदम) को तीनों देशों के बीच साझा किया जाए। जिससे न केवल हमारी अर्थव्यवस्थाएं तेजी से आगे बढ़ सकेंगी। बल्कि वैश्विक दक्षिण के लिए मापनीय समाधान भी तैयार हो सकेंगे। तीनों मिलकर एक सुरक्षित, विश्वसनीय, मानव केंद्रित एआई नियम के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने अगले साल 2026 में भारत में होने जा रहे एआई इम्पैक्ट समिट में इसे लांच करने का भी सुझाव दिया है।

**दुनिया के लिए मिसाल बनेगा सतत विकास:** सतत विकास इबसा के विकास में ही नहीं। बल्कि पूरी दुनिया के लिए मिसाल बन सकता है। मिलेट्स हो या प्राकृतिक खेती, आपदाओं से बचाव हो या हरित ऊर्जा, परंपरागत मेडिसिन या स्वास्थ्य सुरक्षा सभी विषयों में इन ताकतों को जोड़कर विश्व कल्याण सिद्ध कर सकते हैं। इसी सोच के साथ हमने इबसा फंड की स्थापना की थी। जिसकी मदद से हमने अभी तक 50 परियोजनाएं पूरी की हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला जागरूकता, सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में की गई परियोजनाएं स्थानीय लोगों की जरूरतों पर आधारित हैं। इसे और अधिक सुदृढ़ और सक्षम बनाने के लिए हम इबसा फंड फॉर क्लाइमेट रिजिल्यन्ट कृषि की स्थापना कर सकते हैं।

### बोले : सतत विकास....

जाए। क्योंकि इसी से हम एक फेयर एंड जस्ट फ्यूचर फॉर ऑल बना सकते हैं।

**जटिल तकनीक पर बढ़ता संघर्ष:** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में तकनीक का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ रही है। अवसर और संसाधन कुछ ही हाथों में केंद्रित होते जा रहे हैं। जिसकी वजह से दुनिया में जटिल तकनीक को लेकर संघर्ष बढ़ रहा है। यह मानवता के लिए चिंता का विषय होने के साथ ही नवाचार के रास्ते में भी रुकावट पैदा करता है। इस समस्या के समाधान के लिए हमें अपनी सोच में मूलभूत बदलाव लाना पड़ेगा।

**मानव केंद्रित सोच की आवश्यकता:** उन्होंने कहा, हमें ऐसी तकनीकी एप्लीकेशन को बढ़ावा देना पड़ेगा। जो वित्त केंद्रित के बजाय मानव केंद्रित हो। इसके अलावा जो नेशनल के बजाय ग्लोबल हो और एक्सक्लूसिव मॉडल्स की जगह पर ओपन सोर्स पर आधारित हो। हमने इसी विजन को भारत की तकनीक से जुड़ी सभी परियोजनाओं में शामिल किया है। यही वजह है कि आज हमारे देश में दुनिया के सबसे ज्यादा डिजिटल पेमेंट्स हो रहे हैं। अंतरिक्ष से लेकर एआई तक हर क्षेत्र में हमें सकारात्मकता और व्यापक भागीदारी देखने को मिलती है।

**इन तीन स्तंभों पर टिकी 'एआई' सोच:** प्रधानमंत्री ने एआई का जिक्र करते हुए कहा कि इस संदर्भ में हमारी सोच तीन स्तंभों (समान पहुंच, जनसंख्या-कौशल, जिम्मेदारीपूर्ण विकास) पर टिकी हुई है। एआई मिशन के तहत हम पहुंच और उच्च-प्रदर्शन वाले कंप्यूटर बना रहे हैं। जिससे हर जिले, भाषा तक इसका लाभ पहुंच सके और इससे मानव विकास के हमारे प्रयासों को भी गति मिलेगी।

**इस उद्देश्य से हो एआई का इस्तेमाल:** उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि एआई का उपयोग वैश्विक भलाई के लिए होना चाहिए। इसके गलत इस्तेमाल से बचने के लिए हमें मूल सिद्धांतों वाला एक ग्लोबल काम्पैक्ट बनाना पड़ेगा। जिनमें प्रभावी मानव निगरानी, निर्णयों की सुरक्षा, पारदर्शिता, डीपफेक, अपराध, आतंकी गतिविधियों में एआई के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध शामिल हों। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि एआई सिस्टम मानव जीवन, सुरक्षा या आमजन के विश्वास को प्रभावित करते हैं। इसलिए उन्हें जिम्मेदार और जबावदेह होना चाहिए। साथ ही सबसे महत्वपूर्ण ये है कि एआई मानव क्षमताओं को तो बढ़ाए। लेकिन निर्णय लेने की अंतिम जिम्मेदारी हमेशा मनुष्य के पास ही रहे। अगले साल भारत में एआई इंपैक्ट सम्मेलन के आयोजन को लेकर पीएम मोदी ने जी-20 देशों को आमंत्रित किया। जिसकी थीम: सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय रखी गई है।

**भविष्य की क्षमताओं पर रहे ध्यान:** एआई के युग में हमें अपनी सोच को आज के रोजगार से इतर भविष्य की क्षमताओं की ओर तेजी से बदलना पड़ेगा। तेजी से नवाचार के लिए प्रतिभा की आवाजाही को अनलॉक करना बेहद जरूरी है। मुझे उम्मीद है कि आगामी वर्षों में जी-20 एक टैलेंट मोबिलिटी का ग्लोबल फ्रेमवर्क विकसित करेगा। उन्होंने कोरोनाकाल को याद करते हुए कहा कि इस महामारी ने वैश्विक सप्लाई चेन की कमियों को उजागर कर दिया है। उस कठिन वक्त में भारत ने दुनिया के 150 देशों को दवाएं पहुंचाई थीं। देशों को सिर्फ बाजार के तौर पर नहीं देखा जा सकता है। बल्कि हमें एक संवेदनशील और दीर्घकालिक भूमिका को अपनाना पड़ेगा।

### 37 साल बाद ...

ने चक्रवर्ती परिवार को ऐसे व्यक्ति को फिर से खोजने में मदद की जिसे वे लंबे समय से हमेशा के लिए खो चुके थे। चक्रवर्ती परिवार का सबसे बड़ा बेटा विवेक चक्रवर्ती 1988 में गायब हो गया था। उसके बाद वह कभी घर नहीं लौटा। परिवार ने हर जगह उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार, उम्मीद खत्म हो गई। लेकिन किस्मत ने ऐसा चक्र चलाया कि 37 साल बाद वह बेटा फिर अपने घर लौट रहा है।

दरअसल, विवेक का छोटा भाई प्रदीप चक्रवर्ती क्षेत्र का बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) है। वह एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म बांटने के काम में जुटा हुआ था। हर फॉर्म पर उसका नाम और मोबाइल नंबर छापा हुआ था। इन्हीं फॉर्मों में से एक पर नजर पड़ने के बाद एक फोन कॉल आया और वहीं से परिवार में खुशी की लहर दौड़ आई। फोन करने वाला कोलकाता का एक नौजवान था, जिसे वोटर डॉक्यूमेंटेशन में मदद चाहिए थी। पहले तो बातचीत रूटीन थी। लेकिन जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ी। नाम और परिवार का इतिहास धीरे-धीरे एक जैसा होता गया। सवाल-जवाब आगे बढ़ ही रहा था कि अचानक प्रदीप को अहसास हुआ कि वह अपने ही भतीजे से बात कर रहा है। वह विवेक के बेटे की कॉल थी। कुछ पल के लिए दोनों तरफ सन्नाटा छा गया। फिर कुछ सवालों ने सालों की दूरी पर भावनाओं का पुल बना दिया। प्रदीप ने याद करते हुए कहा, मेरा बड़ा भाई आखिरी बार 1988 में घर आया था। उसके बाद, वह गायब हो गया। हमने हर जगह उसे ढूंढा। लेकिन उसने सारे रिश्ते तोड़ दिए। जब इस लड़के ने मुझे फोन किया और उसके जवाब ऐसी चीजों से मेल खाते थे जो सिर्फ हमारे परिवार को पता होतीं, तो मुझे एहसास हुआ कि मैं अपने ही भतीजे से बात कर रहा हूं।

### कैसे हुआ मिलन?...

थे। एक साधारण सा फोन कॉल सब कुछ बदल गया। विवेक के बेटे- जो कोलकाता में रहते थे और बीएलओ से किसी पारिवारिक रिश्ते से अनजान थे, उन्होंने दस्तावेजी सहायता के लिए प्रदीप को फोन किया। एक नीरस सरकारी बातचीत धीरे-धीरे भावनाओं से भरी बातचीत में बदल गई, जब दोनों ने परिवार के इतिहास के टुकड़ों को जोड़ना शुरू किया।

### केएल राहुल बने ...

था। अब उनकी जगह कप्तानी केएल राहुल को मिली है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला वनडे मैच 30 दिसंबर को रांची के मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे मुकाबला 3 दिसंबर को रायपुर के मैदान पर होगा। वहीं सीरीज का आखिरी और तीसरा वनडे मैच विशाखापट्टनम में 6 दिसंबर को होगा।

### विदाई समारोह में ...

में ही रहेंगे। गवई ने कहा कि अगर चीफ जस्टिस सरकार के पक्ष में कोई फैसला देते हैं तो वह स्वतंत्र जज नहीं हैं, यह कहना गलत है। एससी, एसटी के लिए आरक्षण में भी क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है, इससे आरक्षण का फायदा उन लोगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी, जिन्हें इसकी बहुत जरूरत है। सोशल मीडिया आजकल समस्या यह हो गई है कि हम जो नहीं बोलते हैं, वह भी लिखा और दिखाया जाता है, लेकिन यह केवल न्यायपालिका के लिए समस्या नहीं, बल्कि सरकार के कई अंग इससे प्रभावित हैं।

### नए सीजेआई का ....

24 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के 53वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। नए सीजेआई का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में होगा, जिसमें भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका समेत 7 देशों के न्यायिक प्रतिनिधिमंडल भी शिरकत करेंगे और यह पहली बार होगा।

### बारूद से भरे...

होती है। ये कई किलोमीटर की रेंज में जाने और वजन उठाने में सक्षम होते हैं। गिरफ्तार आतंकियों का मॉड्यूल इन ड्रोन को असेंबल करने वाला था। विस्फोटकों से लैस इन ड्रोन से बड़ा हमला किया जाना था।

**ड्रोन रॉकेट एक्सपर्ट गिरफ्तार :** जांच एजेंसियों ने कुछ दिनों पहले कश्मीर से संदिग्ध आतंकी जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया था। वो सामान्य ड्रोन को रॉकेट हमलों के लिए तैयार करने में एक्सपर्ट माना जाता है। दानिश आतंकी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों को भी इसकी ट्रेनिंग देने वाला था। उसी ने ऐसे ड्रोन रॉकेट हमलों की साजिश का सुराग दिया था।

**हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव तलब:** फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी एनआईए समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों के राडार पर है। अब तक जांच में अल फलाह यूनिवर्सिटी से कई खतरनाक आतंकियों का कनेक्शन भी सामने आ चुका है। 12 नवंबर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने यूनिवर्सिटी को मान्यता से जुड़े दावों पर नोटिस जारी किया था, जबकि अब राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग ने अल फलाह मेडिकल कॉलेज के 'अल्प संख्यक' दर्जे को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग ने इसके स्पष्टीकरण के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को यूनिवर्सिटी के दस्तावेजों समेत दिल्ली तलब किया है। आयोग ने ये चेतावनी भी दी है कि अगर चार दिसंबर को हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव पेश नहीं हुए या संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए तो संस्थान के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जा सकती है।

### आतंकवादियों का आपस...

हालांकि आईएसएस और अल-कायदा दोनों सलाफीवाद और हिंसक जिहाद की विचारधारा से निकले हैं। लेकिन कई मुद्दों पर उनकी सोच अलग है- जैसे सांप्रदायिक हिंसा को देखने का नजरिया, वैश्विक बनाम स्थानीय प्राथमिकताएं और खिलाफत बनाने की रणनीति। इसी वैचारिक अंतर के कारण ग्रुप में तनाव बढ़ गया।

### मुख्यमंत्री नायब ने ...

स्टॉल आवंटन में पारदर्शिता, रियल-टाइम सेल्स ट्रैकिंग तथा उत्पाद प्रदर्शन के विश्लेषण जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह पोर्टल सांझा बाजार, बस स्टैंड शॉप्स, ग्राम दुकानों, कैंटीन, सरस मेला और मॉल स्टॉल्स के अंतर्गत आने वाली सभी परिचालन गतिविधियों को एकीकृत करेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता,मेयर कुलभूषण गोयल सहित विभिन्न राज्यों की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, कारीगर, बुनकर व शिल्पकार उपस्थित रहे।





# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

## हॉलीवुड मसाला



### टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




### आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



### नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



### एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला



### शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

### विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के



साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।

# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स


*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका



फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद



साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।

### संजय दत्त- कांचा



साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।

### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



### बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के अंबर त्रिपाठी ने किया टॉप, सीजीपीए 9.87 मिली

# मैनिट: 22वें दीक्षांत में 1600 को मिली डिग्री, बीटेक कम्प्यूटर साइंस में 230 को उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शनिवार को 22वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस बार दीक्षांत में बीटेक और मास्टर डिग्री सहित कुल 1600 विद्यार्थियों को उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही 72 स्कॉलर्स को पीएचडी की डिग्री से सम्मानित किया गया। इस साल मैनिट के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के अंबर त्रिपाठी ने टॉप किया।

इनका सीजीपीए 9.87 रहा है। संस्थान ने बीटेक कम्प्यूटर साइंस में सबसे अधिक 230 को उपाधि प्रदान की। 219 को एमटेक, 108 को एमसीए, 23 को एमबीए और 21 को एमएससी केमेस्ट्री की डिग्री मिली है।

दीक्षांत समारोह में मप्र विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के विकास शेंडे, प्रधान वैज्ञानिक म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन, भोपाल को एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से नवकरणीय ऊर्जा में पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया है।

**मेपकास्ट के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेंडे को मैनिट के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से मिली पीएचडी**

**12 विद्यार्थियों को गोल्ड और 12 को सिल्वर मेडल, 5 को दिया प्रायोजित गोल्ड मेडल, बीटेक कम्प्यूटर साइंस की सुहानी बत्रा को 4 प्रायोजित और एक गोल्ड**

**72 को पीएचडी, 219 को एमटेक, 108 को एमसीए, 23 को एमबीए, 21 को एमएससी केमेस्ट्री की डिग्री**


मेनिट में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उत्साहित छात्राएं।

## मैनिट में सीओपीएस की घोषणा

दीक्षांत समारोह म कैलाश मकवाना, पुलिस महानिदेशक ने संस्थान में सेंटर ऑफ पब्लिक सेफ्टी (सीओपीएस) के स्थापना के लिए कार्रवाई किए जाने की घोषणा की है। यह केंद्र लोक सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर शोध एवं परियोजनाओं का क्रियान्वयन करेगा। मकवाना, मैनिट भोपाल के ही पूर्व छात्र रहे हैं। साथ ही दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि भी रहे हैं।

## सुहानी बत्रा को 5 गोल्ड मेडल

*मैनिट में सत्र 2024-25 का प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया गोल्ड मेडल इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र अंबर त्रिपाठी को मिला। उनका सीजीपीए 9.87 रहा। वहीं, सबसे अधिक गोल्ड मेडल लेने वाली सुहानी बत्रा को 5 गोल्ड मेडल मिले। बीटेक कम्प्यूटर साइंस की सुहानी को 4 प्रायोजित और एक गोल्ड मेडल दिया गया है। सुहानी बत्रा का सीजीपीए 9.75 रहा है। विभिन्न ब्रांच में प्रथम स्थान वाले विद्यार्थियों को भी गोल्ड मेडल दिए गए। इनमें सिविल से संस्कार गुप्ता, मैकेनिकल से रोहित सेन, इलेक्ट्रिकल से शिशिर मिश्रा, सीएसई से सुहानी बत्रा, केमिकल से सुशोभित मलिक, मटेरियल व मेटलर्जिकल से तुलसी कुमारी, बी-आर्क से यूसुफ सैफी और बी- प्लानिंग से गजेंद्र लोधी शामिल रहे हैं।*

### यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजीपी मकवाना के अलावा प्रो. टीजी सीताराम, एआईसीटीई और संदीप जन्नज़ारिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, जीई वनोवज़ टी एंड डी इंडिया लिमिटेड रहे। मुख्य अतिथि सीताराम ने दीक्षांत अभिभाषण दिया। अध्यक्षता प्रो. अरविंद ए. नाटू अध्यक्ष, शासी निकाय, मैनिट ने की। प्रो. केके शुक्ल, निदेशक मैनिट तथा कुलसचिव गौरव द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


मैनिट में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधि लेता छात्र।


दीक्षांत समारोह में मेपकॉस्ट के डॉ. विकास शेंडे उपाधि लेते हुए।


मेनिट में आयोजित दीक्षांत समारोह में सेल्फी लेते छात्र-छात्राएं।

---

## खबर संक्षेप

### एनसीआईएसएम की फिजिकल सीएमई क्रेडिट प्वाइंट्स पर रोक

**भोपाल।** नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन द्वारा जारी आदेश में देशभर में भौतिक सीएमई क्रेडिट प्वाइंट्स के आवंटन और आवेदन प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि कोई भी नया सीएमई क्रेडिट पॉइंट प्रस्ताव नहीं लिया जाएगा तथा पूर्व में भेजे गए प्रस्तावों की प्रोसेसिंग भी आगे के निर्देशों तक बंद रहेगी। नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि सीएमई चिकित्सकों के कौशल-विकास और ज्ञान-विस्तार के लिए अनिवार्य है परंतु 50 क्रेडिट प्वाइंट की अनिवार्यता पहले ही चिकित्सकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

### नहीं दे पाए प्रदेशभर के नगरीय निकाय दैवेभो कर्मचारियों की जानकारी

**भोपाल।** प्रदेशभर के नगरीय निकायों से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 28 मार्च 2000 के बाद नियुक्त हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की जानकारी मांगी थी, लेकिन प्रदेश की एक भी नगरीय निकाय जानकारी एकत्र नहीं कर सका। विभाग ने 25 अक्टूबर तक यह जानकारी मांगी थी। इसके लिए बाकायदा जानकारी भरने के लिए प्रारुप भी दिया गया था। नगरीय विकास द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संपूर्ण जानकारी आगामी एक सप्ताह में विभाग को उपलब्ध कराएं।

### प्रारंभिक कक्षाओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन 8 दिसंबर से

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 से 13 दिसम्बर के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नवीन समयसारिणी जारी की है।

### उपमुख्यमंत्री को जूडा ने लिखा पत्रः पदों को लेकर रखी अपनी मांगें

**भोपाल।** जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर के पदों पर एमबीबीएस और एमडी विशेषज्ञों को प्राथमिकता दिए जाने की मांग की है। उपमुख्यमंत्री को लिखे पत्र में डॉ गुप्ता ने बताया कि वर्तमान चिकित्सा प्रणाली में अस्पताल प्रबंधन का स्वरूप अत्यंत जटिल, तकनीकी एवं बहुआयामी हो चुका है।

---

### चिकित्सा सम्मेलन में पहुंचे मंत्री सारंग, ग्रामीण स्वास्थ्य पर दिया जोर

*कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन सेंटर में राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ*

# देश में हर 15 मिनट में आता है करीब एक व्यक्ति को हार्ट अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवनशैली से जुड़ी गंभीर बीमारियों, खासकर मधुमेह और हृदय रोग से निपटने के उपायों पर चर्चा करने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में दो दिवसीय 23वें राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं देनी चाहिए। सम्मेलन के आयोजक डॉ पंकज मनोरिया ने देश में तेजी से बढ़ रहे मधुमेह और हार्ट अटैक के मरीजों पर चिंता जताई।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में लगभग 10 करोड़ मधुमेह के मरीज है। वहीं प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख लोगों को हार्ट अटैक होता है, यानी देश में हर 15 मिनट में एक हार्ट अटैक होता है। डॉ. मनोरिया ने कहा कि हार्ट अटैक कोई कैंसर नहीं है जिस पर काबू न पाया जा सके।


23वें राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ करते मंत्री विश्वास सारंग।


23वें राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन में व्याख्यान देते डॉक्टर।

#### स्वस्थ्य रहने के लिए अपनाए '80 का मूल मंत्र'

चिकित्सा सम्मेलन में आयोजन अध्यक्ष डॉ पीसी मनोरिया ने डायबिटीज और हार्ट अटैक से बचने के लिए '80 का मूल मंत्र' की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कमर का घेरा (कमर) 80 (सेमी), नीचे का ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचडी, धूम्रपान करने वालों से दूरी 80 मीटर रहे।

#### स्वस्थ जीवन शैली से रहो स्वस्थः डॉ दुरईराज

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. दुरईराज प्रभाकरण ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली एवं नियमित दिनचर्या के लिए सभी चिकित्सकों को ऐसे सम्मेलनों में अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए जिससे वे हृदय रोग एवं मधुमेह के बारे में नई जानकारियां प्राप्त कर सके।

#### सीएमई मिली जानकारी नहीं मिली इंटरनेट पर

आएसएसडीआइ नागपुर के अध्यक्ष डॉ. सुनील गुप्ता ने कहा कि सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) के कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा का अभिन्न अंग बन गया है और ऐसी सटीक जानकारियां इंटरनेट एवं मेडिकल जनरल के माध्यम से इतने कम समय मे प्राप्त नहीं की जा सकती।

#### लकवा एक आम बीमारीः डॉ पदमा

सम्मेलन में गुरूग्राम से आई न्यूरोफिजिशन डॉ. पदमा श्रीवास्तव ने कहा कि लकवा एक आम बीमारी है। यदि किसी मरीज के किसी अंग में अचानक कमजोरी आ जाए तो तुरंत अस्पताल में भर्ती होना चाहिए। यदि चार या पांच घंटे में भर्ती हो जाता है तो खून को थक्के को घोलने की दवाई देने से उसके अंग की कमजोरी दूर हो जाती है।

---

### एम्स में आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

## विशेषज्ञ अब और सटीक ढंग से जान पाएंगे मौत का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी भी आपराधिक मामले में मौत कब हुई, यह जांच का सबसे अहम सवाल होता है। इसी सवाल का वैज्ञानिक जवाब और अधिक सटीक रूप से खोजने के लिए एम्स भोपाल में देशभर के फॉरेंसिक विशेषज्ञ जुटे। संस्थान में फॉरेंसिक अपडेट वीआइआइआइ के नाम से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में उन आधुनिक तकनीकों पर खास फोकस रहा, जिनसे मृत्यु के बाद बीते समय (टाइम-सिंस-डेथ) का निर्धारण पहले से कहीं अधिक सटीक किया जा सकेगा।

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. माधवानंद कर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. रजनीश जोशी डीन एकेडमिक्स ने किया। कार्यशाला में वरिष्ठ फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. बीपी दुबे और डॉ. डीएस बड़कुर भी मौजूद रहे।


एम्स में कार्यशाला का दृश्य।

#### शवों में भी समय पता लगाने की तकनीके

कार्यशाला में बताया गया कि मृत्यु के समय का पता लगाना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है, खासकर तब जब शव सड़ चुका हो, जला हो, पानी में रहा हो, विकृत हो चुका हो या दफन मिले। ऐसे मामलों में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकें जैसे फॉरेंसिक एंटोमोलॉजी, पोस्ट-मॉर्टम रेडियोलॉजी, बायोकेमिकल और मेटाबोलिक मार्कर्स, जीनोमिक्स, प्रोटीओमिक्स और माइक्रोबायोलॉजी जांच को बेहद सटीक बना देती हैं।

#### प्रैक्टिकल ट्रेनिंग रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यशाला का आकर्षण था प्रतिभागियों को दिया गया प्रैक्टिकल प्रशिक्षण। इसमें डॉक्टरों और शोधकतार्ओं ने खुद आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए सीखा कि सटीक बायोकेमिकल बदलाव कैसे रिकॉर्ड किए जाते हैं, कीटों की मौजूदगी से मृत्यु का समय कैसे समझा जाता है, रेडियोलॉजी मृत्योत्तर जांच में कैसे मदद करती है और आणविक स्तर पर शरीर में होने वाले परिवर्तन मृत्यु का समय कैसे बताते हैं।

---

### डीएमएफ मामले से संबंधित कार्रवाई

## एसीबी-ईओडब्ल्यू ने एक साथ 20 स्थानों पर की छापेमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डीएमएफ और आबकारी मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने प्रदेश में 20 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। कोंडागांव जिले में रविवार की सुबह एसीबी के द्वारा डीएमएफ मामले में चल रहे घोटाले को लेकर छापेमारी की गई है। कोंडागांव के सरगीपाल निवासी कोणार्क जैन के घर रविवार की सुबह एसीबी की टीम ने छापा मारा। पूरे घर को सुरक्षा घेरे में रखा गया है।

करीब 2 घंटे से अधिक समय से कार्रवाई चल रही है। जांच के तहत दस्तावेजों और कम्प्यूटरीकृत रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला 2019-20 में डीएमएफ सप्लाई के दौरान हुए घोटालों को लेकर जांच की जा रही है। यह जांच पूरे प्रदेश में एसीबी की बड़ी रेड मानी जा रही है। यह पूरा मामला शराब और डीएमएफ घोटाले को लेकर की जा रही है। जहां रायपुर से लेकर जगदलपुर तक छापेमारी कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में 20 स्थानों पर एसीबी की रेड एक साथ की गई है। अभी कुछ दिन पहले भी इसी तरह छत्तीसगढ़ में आबकारी और डीएमएफ घोटाले के मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की थी। वहीं, रविवार की सुबह एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है, सुबह से प्रदेश के विभिन्न जिलों में करीब 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, यह रेड रायपुर, कोंडागांव, अंबिकापुर, बिलासपुर सहित अन्य जिलों में की जा रही है। जहां अधिकारियों और कारोबारियों के घरों और दफ्तरों पर दबिश दी गई है। जगदलपुर में आबकारी विभाग के सेवानिवृत अधिकारी निरंजन दास के ठिकाने पर छापेमारी के लिए टीम पहुंची है। निरंजन दास के भाई चितरंजन दास के मैत्री संघ गली स्थित आवास में दस्तावेज खंगाल रही है।

### स्कूल एवं परिवार में दौड़ी शोक की लहर

## खेलते-खेलते छात्र की हार्ट अटैक आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

9वीं में पढ़ने वाले छात्र की मैदान में फुटबॉल खेलने के दौरान अचानक से आए हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही स्कूल से लेकर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी अस्पताल पहुंच गए। वहीं, परिजन भी मामले की जानकारी लगते ही आ पहुंचे है। छात्र का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, सुकमा जिले के छिंदगढ़ मैदान में आत्मानंद स्कूल के कक्षा 9वीं में पढ़ने वाला छात्र मोहम्मद फैजल रोज की तरह फुटबॉल खेलने के लिए मैदान में आया हुआ था। जहां खेलने के दौरान अचानक से उसे हार्ट अटैक आया और मैदान में गिर पड़ा।



### राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह का मामला, जांच जारी

## 17 साल की नाबालिग का शव बरामद शरीर पर चोट के निशान, रेप की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी के पास एक सुनसान प्लॉट में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। किशोरी पिछले तीन दिनों से लापता थी और उसके परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म और हत्या की आशंका जताई जा रही है। शनिवार दोपहर एक युवक बकरियां चरा रहा था, तभी उसकी नजर खाली प्लॉट में पड़े शव पर पड़ी। मामला संदिग्ध होने पर उसने तुरंत पास ही स्थित पुलिस कॉलोनी में मौजूद स्टाफ को इसकी सूचना दी। इसके बाद राजेंद्र नगर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव की हालत देखकर साफ है कि किशोरी की बेरहमी से हत्या की गई है। उसके शरीर पर कई जगह चोटों और घसीटे जाने के निशान पाए गए हैं।



### संगोष्ठी का उद्देश्य पारंपरिक खेल संस्कृति की पुनर्स्थापना

## बीयूः खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन, कई विद्वानों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में शनिवार को मध्य प्रदेश समिति-क्रीड़ा भारती और बीयू के संयुक्त तत्वावधान में खेल दृष्टि भारतीय दृष्टि विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रथम श्रृंखला का आयोजन ज्ञान विज्ञान केंद्र में किया गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक खेल संस्कृति की पुनर्स्थापना और उसके आधुनिक संदर्भ में पूर्ण अवलोकन करना, व्यायाम पद्धतियों, योग आधारित अभ्यास प्रणाली भारतीय मूल, नैतिक खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों के आचरण में सुधार किस प्रकार किया जाए आदि है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार, मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में खेल और योग के माध्यम से स्वास्थ्य के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हो रही है।

खेल द्वारा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। मध्य प्रदेश के सभी विद्यालय, महाविद्यालय और विवि में भारतीय परंपरागत खेलों के साथ आधुनिक खेलों को मध्य प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में शामिल किया गया है।


राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन का दृश्य।

#### संगोष्ठी के उद्देश्यों को कैसे प्राप्त करें

मुख्य वक्ता अशोक अग्रवाल, क्षेत्र कार्यवाहक मध्य क्षेत्र ने संगोष्ठी के उद्देश्यों को कैसे प्राप्त किया जाए बताया। कहा कि भारत में महिला एवं पुरुषों में हर क्षेत्र में समानता है। अभी कुछ दिनों पूर्व महिला क्रिकेट टीम का विश्व विजेता बनी है। लैंगिक समानता का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है। संचालन राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ आलोक मिश्रा ने किया। आभार डॉ अनिल शर्मा, कुलसचिव बीयू ने माना। कार्यक्रम में जबलपुर विवि से प्रो. विशाल बन्ने, इंदौर विवि से प्रो. राकेश साहनी एवं प्रो. सुधीरा चंदेल, वीयनएस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश त्रिपाठी उपप्राचार्य डॉ वीएस भदौरिया, नई दिल्ली से डॉ. सत्य व्रत त्रिपाठी, द्रोणाचार्य एवार्डी डॉ. संजय भारद्वाज प्रसिद्ध खेल मनोवैज्ञानिक प्रो. के एन त्रिपाठी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विवि अमरकंटक से डॉ. रामजी मिश्रा, प्रयागराज से डॉ. अतुल मिश्रा, योग गुरू डॉ. अमित गौतम सहित 350 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में पंजीयन कराया। 75 से अधिक विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी आयोजन सचिव डॉ आलोक मिश्रा संचालक शारीरिक शिक्षा बीयू विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया।

चिंतन

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुईं। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की और बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा




जन्म शताब्दी वर्ष
अजय कुमार श्रॉफ

**श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।**

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने ' सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज़ परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

शहीद दिवस
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# सनातन संस्कृति की रक्षा में समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगज़ेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।


औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का। मनुष्य को परमार्थ चिंतन के लिए सचेत करते हुए गुरुजी लिखते हैं कि- 'बिरद पयो सूजै नहीं, काल पहुँचियो आन। कहो नानक नर बावरे, क्यों न भजै भगवान।' अर्थात बुढ़ापा आने पर तथा मृत्यु निकट आने पर भी वे मनुष्य पागल हैं जो ईश्वर का भजन नहीं करते। गुरु तेग बहादुर महान निडर, दयावान योद्धा होने के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिंतक थे। सर्वोत्तम बलिदान के प्रतीक तेग बहादुर की शौर्य गाथा सिख समाज और हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा पुंज के समान है।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

# गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा

दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर देने के हमारे प्रयास ने इस वर्ष की शुरुआत में हैम्बर्ग में एक बैठक के लिए अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ



हम काम करते हैं - को एकत्रित किया। इस सवाल का जवाब ढूंढने की हमारी कोशिश ने इस साल की शुरुआत में हैम्बर्ग में अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं- की एक बैठक बुलाई। महीनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, इस सप्ताह इसके निष्कर्ष प्रकाशित हुए, जिसमें यह परिणाम निकाला गया कि मानवता 'सीमाओं से परे जी रही है'। 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर चरम जलवायु घटनाएं, जैसे सूखा, बाढ़, आग और गर्म लहरों की संख्या बढ़ती हैं।

## ऑफ बीट

# क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं?

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।

## ट्रेंड

### जापान से साझेदारी



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मज़बूत साझेदारी ज़रूरी है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सिंधी समाज का हक



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### देशभर में अफरा-तफरी



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागज़ों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### प्रदूषण नियंत्रण



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## एसआईआर प्रक्रिया से बंगाल में मची भगदड़

# दहशत से हाकिमपुर बॉर्डर पर उमड़ी अवैध बांग्लादेशियों की भीड़

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हाकिमपुर बीएसएफ चौकी के पास एक कच्चे, धूल भरे रास्ते पर शनिवार को असामान्य सी हलचल दिखी। बरगद के पेड़ की छांव तले, छोटे बैग लिए परिवार, बच्चों के हाथों में पानी की बोतलें, और चुपचाप बैठे पुरुष- सब एक ही विनती दोहराते दिखेः 'हमें घर जाने दीजिए।' ये वे लोग हैं जिन्हें सुरक्षा एजेंसियां 'अवैध बांग्लादेशी निवासी' बता रही हैं, ऐसे लोग जिन्होंने वर्षों तक पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में रहकर काम किया, पहचान पत्र बनवाए, और अब अचानक वापस लौटने की कोशिश में हैं। इस असामान्य उलटी पलायन बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सख्त जांच के कारण सामने आया है।

घुसपैठिए 'हमें घर जाने दीजिए' की जिद पर अड़े

सख्त जांच-पड़ताल से पूरे बंगाल में अफरा-तफरी


बंगाल से सामान लेकर पलायन करते बांग्लादेशी घुसपैठिए

### अब डर लग रहा, वापस जाना ही ठीक

खुलना जिले की रहने वाली शाहिन बीबी अपने छोटे बच्चे के साथ सड़क किनारे इंतजार कर रही थीं। वो न्यू टाउन, कोलकाता में घरों में काम करके 20,000 रुपए महीना कमाती थीं। उन्होंने साफ कहा कि हम गरीबी के कारण आए थे। दस्तावेज ठीक नहीं थे।

### कतार तंबू बन गई, सड़क इंतजारगाह

बीएसएफ के अनुसार हर दिन 150–200 लोग पकड़े जा रहे हैं और जांच के बाद उन्हें 'वापस भेजा' जा रहा है। एसआईआर शुरू होने के बाद से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। सभी लोगों के बायोमैट्रिक डेटा लेकर पुलिस और प्रशासन को भेजा जाता है। भीड़ ज्यादा होने पर दो-तीन दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।

### 20,000 रुपए में कागज बनवाए

ढुलागोरी की फैक्टरी में काम करने वाले 29 वर्षीय मनीरुल शेख बताते हैं, हमने 5,000 से 7,000 रुपए देकर भारत में एंट्री ली थी। लेकिन कागज बनवाने में 20,000 रुपए तक खर्च हो गया। अब एसआईआर की जांच से सब डर गए हैं।

## एसआईआर के खिलाफ विजय की टीवीके पहुंची सुप्रीम कोर्ट


अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलागा वेट्री कजगम (टीवीके) ने तमिलनाडु में एसआईआर करने के चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले टीवीके ने राज्य में एसआईआर के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया था।



बीएलओ की मौतों पर हमला

## नोटबंदी और लॉकडाउन की तरह ही एसआईआर जल्दबाजी में लागू किया

अलग-अलग राज्यों में कुछ बूथ लेवल अफसरों की मौत की खबरें सामने आई हैं। कांग्रेस ने इसे लेकर सरकार पर आरोप लगाया कि काम का बोझ बीएलओ और पोलिंग अफसरों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। कांग्रेस ने दावा किया कि एसआईआर को जल्दबाजी में लागू किया गया और ये नोटबंदी और लॉकडाउन के फैसलों की याद दिलाता है।



## खबर संक्षेप

### 98 लाख का सोना लेकर कारीगर हो गया फरार

**मेरठ।** देहली गेट थाना क्षेत्र में नील की गली के सराफा व्यापारियों का 770 ग्राम सोना लेकर एक कारीगर फरार हो गया। कारीगर मूल रूप से बंगाल के विक्रमपुर, थाना देवरा और वर्तमान में ब्रह्मपुरी निवासी श्याम सुंदर है। श्याम परिवार सहित गया है और यहां किराए का मकान खाली छोड़ गया है। पुलिस अब पड़ताल कर रही है।



### 400 करोड़ की जीएसटी चोरी, 2 गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** नौकरी और लोन दिलाने के नाम पर बेरोजगारों के दस्तावेजों के सहारे 2 मोबाइल नंबर पर 144 फर्जी फर्म बनाकर करीब 400 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में एसआईटी ने मास्टर माइंड इखलाक और इत्तेहात आलम को गिरफ्तार कर लिया। 1 मोबाइल फोन, 8एटीएम कार्ड,3 आधार बरामद किया है।



### वांगचुक की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी की अर्जी पर सुनवाई करेगा। वांगचुक की पत्नी ने शीर्ष अदालत में बताया कि उनके पति को कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनके तहत हिरासत में रखना गैर-कानूनी है और यह उनके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक मनमाना कदम है।



### 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' पर बैन

**पणजी।** गोवा में क्रिसमस के दौरान 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' आयोजित करने का ऐलान हुआ था, जिसे लेकर जमकर बवाल हुआ। बढ़ते विरोध को देखते हुए गोवा पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और आयोजकों को कार्यक्रम रद्द करने का निर्देश दे दिया। इसे 25 से 28 दिसंबर तक होना था।



## कहा: सरकार तकनीक को जनहित का माध्यम बनाए, हर योजना का

# पोर्टलों से शासन नहीं चलता, नागरिक तक न्याय पहुंचना चाहिएः कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि आज जबकि हर सरकारी योजना को डिजिटल इंडिया और पोर्टलों से जोड़ने की बातें बड़े मंचों पर खूब गूंजती हैं, वास्तविकता यह है कि आम नागरिक के लिए वही पोर्टल अकसर दीवार बन जाते हैं। सरकार नए-नए शब्दों और चमकदार आंकड़ों की नुमाइश तो करती है,पर यह नहीं बताती कि अंतिम व्यक्ति तक व्यवस्था पहुंचे कैसे। सैलजा ने मांग की है कि सरकार तकनीक को जनहित का माध्यम बनाए, बाधा नहीं। हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक सीधे पहुंचे, और डिजिटल व्यवस्था को सरल, सुलभ व पारदर्शी बनाया जाए।



मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकारी पोर्टल तभी सफल माने जाएंगे जब किसान, बुजुर्ग, मजदूर, छात्र और महिलाओं को बिना चक्कर काटे, बिना दलालों के चंगुल में फंसे, उनकी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। केवल तकनीक का बखान करने से शासन संवेदनशील नहीं बन जाता। बैठकों और रिपोर्टों में विकास की ऐसी तस्वीर पेश की जा रही है जैसे प्रदेश में 'स्वर्णकाल' चल रहा हो, जबकि हकीकत इससे बिलकुल उलट है।

सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश का किसान तो पोर्टल के खेल में पिसकर रह गया है, अगर फसल का ब्यौरा भी पोर्टल पर डाल दिया जाए तो उसका भी कोई लाभ नहीं मिलता,प्राकृतिक आपदा में खराब हुई फसल के मुआवजे के लिए चक्कर काटने पड़ते है। पोर्टल से सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीणों को होती। इंटरनेट सही न होने से पोर्टल बंद ही रहता है। सांसद सैलजा ने कहा कि आज महंगाई चरम पर है, किसान लगातार कर्ज और लागत के दबाव में है। खराब फसल का मुआवजा न मिलने पर वह आर्थिक रूप से टूट जाता है और अधिक तनाव के चलते आत्महत्या तक जैसा कदम उठा लेता है। महंगाई में गरीब परिवारों की रसोई चलाना मुश्किल हो रहा है, दो वक्त की रोटी के लिए गरीब भटकता रहता है। प्रदेश का नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नई भर्ती करने के बजाए एचकेआरएन के तहत कर्मचारी रखकर उनका मानसिक और आर्थिक शोषण कर रही है, नौकरी से हटाए जाने की तलवार हर समय लटकी रहती है। सैलजा ने स्पष्ट कहा कि सरकार जनता की आँखों में धूल झोंकने के बजाय यह बताए कि प्रदेश में रोजगार के वास्तविक अवसर कहां हैं? किसानों की आय दोगुनी तो दूर, उनकी लागत भी पूरी नहीं निकल पा रही। गरीबों को राहत देने के लिए कौन-सी ठोस योजना जमीनी स्तर पर लागू की गई? सैलजा ने मांग की कि सरकार तकनीक को जनहित का माध्यम बनाए, बाधा नहीं। हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक सीधे पहुंचे, और डिजिटल व्यवस्था को सरल, सुलभ व पारदर्शी बनाया जाए।

## कर्नाटक में कुर्सी पर सियासी बवाल


कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मिलते सीएम सिद्धारमैया

## सिद्धारमैया ने खरगे से की मुलाकात बोले-फैसला सभी को मानना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को बेंगलुरु में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। बैठक के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि चर्चा पार्टी संगठन, स्थानीय निकाय चुनावों और आगामी जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों को लेकर हुई। मंत्रिमंडल के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। नेतृत्व परिवर्तन सिर्फ़ अटकलें हैं और यह मीडिया की उपज है। सिद्धारमैया ने कहा कि विधायकों को जाने दीजिए, लेकिन आलाकमान जो भी कहेगा, हम सभी को उसे मानना होगा। चाहे मैं हूं या डीके शिवकुमार। कब कोई फैसला लेगा, इस पर सिद्धारमैया ने कोई वादा नहीं किया।

### मंत्री ने मुख्यमंत्री के तौर पर किया दावा

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को साफ संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। लंबे समय से चली आ रही 'दलित मुख्यमंत्री' की मांग के बीच उनका यह बयान राजनीतिक हलचल को और गर्म कर गया है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी तक कांग्रेस हाईकमान की ओर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई आधिकारिक चर्चा नहीं हुई है, न ही पार्टी आलाकमान ने इस विषय पर कोई संकेत दिया है और न ही कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) में यह मुद्दा उठा है।



### कुमारस्वामी ने साधा निशाना



इस पर एनडीए कांग्रेस पर हमलावर है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विस्फोटक राजनीतिक घटनाक्रम की चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि यह कहना असंभव है कि राजनीति में कौन क्या निर्णय लेगा? यहां अप्रत्याशित और विस्फोटक घटनाक्रम होंगे।

## आबकारी-डीएमएफ घोटाले में ईओडब्ल्यू एसीबी का एक्शन 6 जिलों में छापे

# अधिकारी- कर्मचारी और कारोबारियों के 19 ठिकानों पर छापे, कैश-जमीन के पेपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में हुए आबकारी तथा डीएमएफ घोटाले में ईओडब्ल्यू और एसीबी के चार दर्जन से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों ने छह जिलों में 19 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। कार्रवाई रविवार तड़के 5 बजे के करीब शुरू की गई। अलग अलग टीमों ने रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, कोंडागांव, धमतरी और बलरामपुर में धावा बोला। इस दौरान ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा कैश के साथ प्रॉपर्टी के दस्तावेज जब्त किए जाने की बात सामने आ रही है।

डीएमएफ घोटाले में हरपाल सिंह अरोड़ा, उनसे जुड़े व्यक्तियों और ठेकेदारों के यहां रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, कोंडागांव, धमतरी एवं बलरामपुर में 11 स्थानों पर छापे की कार्रवाई की गई। शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद अनिल टुटेजा और निरंजन दास के परिजनों के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर के 8 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई।



### इनके यहां छापे की कार्रवाई

रायपुर में कारोबारी और सप्लायर हरपाल अरोरा के लॉ-विस्टा कॉलोनी स्थित निवास पर टीम ने पड़ताल की। इधर, दुर्ग जिले के भिलाई में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के ठिकानों पर छापा मारा गया। वहीं धमतरी की पूर्व विधायक जया बेन दोशी के पोते केतन दोशी के महालक्ष्मी ग्रीन स्थित निवास में दबिश दी गई। केतन रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं। यहां जांच के बाद टीम कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गई। इसके अलावा सरगुजा में पशु चिकित्सक डॉ. तनवीर अहमद और अंबिकापुर के सत्तीपारा निवासी सप्लायर अमित अग्रवाल के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि छापेमारी में एक के घर से 17 लाख कैश और करोड़ों की कीमत के जमीन के दस्तावेज मिले हैं

### नागपुर में मामला दर्ज किया

## आईआईएम छात्र की हिट एंड रन हादसे में मौत, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में शनिवार रात एक सड़क हादसे में आईआईएम नागपुर के छात्र की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 9:30 बजे वर्धा रोड पर स्थित मिहान फ्लाईओवर पर हुई। मृतक की पहचान अनुज पाठक (22) के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड का रहने वाला था और आईआईएम नागपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराई और दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी एक राहगीर ने पुलिस को दी है। पुलिस के पहुंचने पर अनुज सड़क पर मृत अवस्था में मिला और उसकी बाइक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हिट-एंड-रन में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।



### क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल



रांची। ईसाई समुदाय के लोग रविवार को रांची में 'ख्रीस्त राजा पर्व' (क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल) पर एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

## बिहार में माताओं के दूध में मिला यूरेनियम

# नवजातों के लिए खतरनाक 6 जिलों में मिले 40 मामले

एजेंसी ▶▶ पटना

नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नई वैज्ञानिक स्टडी ने चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार स्तनपान कराने वाली 40 माताओं के ब्रेस्ट मिल्क के सैंपल में यूरेनियम का अत्यधिक उच्च स्तर पाया गया है। यह अध्ययन पटना के महावीर कैंसर संस्थान की ओर से डॉ. अरुण कुमार और प्रो. अशोक घोष की अगुवाई में किया गया, जिसमें एम्स, नई दिल्ली के बायोकैमिस्ट्री विभाग से डॉ. अशोक शर्मा की टीम भी शामिल थी। अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच किए गए इस शोध में भोजपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा की 17 से 35 वर्ष आयु की 40 महिलाओं के ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों का विश्लेषण किया गया। सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) पाया गया, जिसकी मात्रा 0 से 5.25 ग्राम/ लीटर के बीच दर्ज की गई। खगड़िया में औसत स्तर सबसे अधिक, नालंदा में सबसे कम मात्रा पाई गई है।


फाइल फोटो

### पर्यावरणीय स्थिति ने बढ़ाई समस्या

बिहार में पेयजल और सिंचाई के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता, बिना ट्रीटमेंट वाले औद्योगिक अपशिष्टों का निस्तारण और लंबे समय से रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग ने पहले ही जीव वैज्ञानिक नमूनों में आर्सेनिक, लेड और मरकरी जैसी धातुओं का स्तर बढ़ा दिया है। अब ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम की मौजूदगी यह संकेत देती है कि प्रदूषण राज्य की सबसे कमजोर आबादी- शिशुओं- तक पहुंच गया है।

### भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में बोले खेर

उनके निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की

## नॉर्मल का उल्टा 'एबनॉर्मल' नहीं होता बल्कि 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' होता है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मशहूर फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने अपनी नई निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की। यह फिल्म ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली एक असाधारण लड़की की कहानी है, जो गलत समझे जाने के बावजूद अपने सैन्य अफसर पिता के कदमों पर चलते हुए आर्मी में जाने का सपना पूरा करने को निकलती है। खेर ने बताया कि यह कहानी उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक अनुभवों से गहराई से जुड़ी है। खेर ने कहा कि हम अक्सर 'नॉर्मल' का उल्टा 'एबनॉर्मल' मान लेते हैं, जबकि नॉर्मल का उलट 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' भी हो सकता है।

### शुभांगी ने कहा- मेरे अनुभव को निखारा




फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने खेर के अनुशासित और गहन निर्देशन दृष्टिकोण की तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव को निखारा।

### ऐसे ही प्रोजेक्ट पर काम कर रहे

उन्होंने कहा कि अब वे उन कहानियों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं जो मानवीय सहनशीलता, संवेदनशीलता और जीवन-परिवर्तन को दर्शाती हैं। खेर ने कहा कि वे ऐसे ही प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहेंगे जो मानव भावनाओं के मूल को छूते हों और लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करें।

## अयोध्या स्थित राम मंदिर में कल होगा ध्वजारोहण समारोह

# स्वस्ति वाचन व पुष्प वर्षा से पीएम मोदी की होगी शाही अगवानी

## मुख्य द्वार पर गूंजेगी शंख व घंटा घड़ियाल की ध्वनि

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का रूट तय हो गया है। वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से रामपथ से होते हुए जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। वैदिक परंपरा के अनुसार पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए स्वस्ति वाचन होगा। 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन, संत-महंतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के मध्य प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।




ध्वजारोहण की तैयारियां

### 7 स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होंगे

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों ओर खड़े अयोध्यावासी पुष्पवर्षा के माध्यम से पीएम का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के लिए 12 मंच बनाए जाएंगे। वहां से पुष्प वर्षा की जाएगी। स्वागत पथ पर सात स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होगा। साथ पीएम मोदी का स्वागत होगा।

### संगीत, नृत्य लोक कलाएं भी दिखेंगी

ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन होगा। इस उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संगीत, नृत्य, लोक कलाओं व पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी।

### शास्त्रीय कलाओं की छटा भी देखने को मिलेगी

भजन गायन से लेकर ब्रज की पारंपरिक लोक धुनों तक और प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गायन दल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरों में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। शहनाई, सारंगी, पखावज, बांसुरी, सरोद और सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजन को आध्यात्मिक आभा से आलोकित करेंगी। लोगों को अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। एक ही मंच पर मयूर, राई, फरूवाही, बधावा, अवधी, करमा, ढेढिया भी दिखाई देंगे।

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने ट्रेड कैसल टेक पार्क को खरीदा



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की एक संयुक्त उद्यम कंपनी ने बुनियादी ढांचा डेवलपर ट्रेड कैसल टेक पार्क को 231.34 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। ट्रेड कैसल टेक पार्क के पास काफी जमीन है। कंपनी ने बताया, ''अधिग्रहण का उद्देश्य बुनियादी ढांचा सुविधाएं स्थापित करना है।''

### टाटा केमिकल्स क्षमता बढ़ाने करेगी निवेश

**मुंबई।** टाटा केमिकल्स ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के मीठापुर और तमिलनाडु के कुड्डालोर में अपने संयंत्रों की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 910 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने अपने संयंत्र में डेंस सोडा ऐश विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 135 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस फायदे में



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का कुल बाजार पूंजीकरण 1,28,281.52 करोड़ रुपये बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एयरटेल सबसे ज्यादा फायदे में रहीं। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा हुआ।

# होंडा ने बंद किया 'एक्टिवा ई' और 'क्यूसी1' इलेक्ट्रिक स्कूटर का उत्पादन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में लगातार चुनौतियों का सामना कर रही होंडा कंपनी ने अपने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर एक्टिवा ई और क्यूसी1 का प्रोडक्शन अगस्त 2025 से बंद कर दिया है। ये दोनों स्कूटर इसी साल जनवरी में लांच किए गए थे। एक्टिवा ई की एक्स-शोरूम कीमत 1.17 लाख रुपए और क्यूसीवन का एक्स-शोरूम प्राइस 90,000 रुपए था।

होंडा जैसे बड़े ब्रांड से उम्मीद थी कि ये स्कूटर हिट साबित होंगे और इनकी खूब बिक्री होगी। हालांकि, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के डेटा से पता चला है कि कंपनी ने अगस्त 2025 से इन स्कूटरों को बनाना बंद कर दिया है।

## कंपनी लगातार दोपहिया बाजार की प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही

### एक्टिवा ई की कम बिक्री

*लांच के समय उम्मीद थी कि कि एक्टिवा ई की ज्यादा बिक्री होगा, क्योंकि इसमें एक्टिवा की ब्रांडिंग थी, जो कंपनी का सबसे सफल और पॉपुलर स्कूटर माना जाता है, और एडवांस्ड बैटरी स्वैपिंग तकनीक थी। बैटरी स्वैपिंग से रेंज की चिंता, बैटरी रखरखाव और बदलने की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है। स्वैपिंग स्टेशन पर बैटरी 1-2 मिनट में बदली जा सकती है। बिक्री बढ़ाने के लिए होंडा ने जून में बैटरी किराए की कीमतें भी कम की थीं और होम चार्जिंग डॉक लाने पर विचार कर रही थी। इसके बावजूद एक्टिवा ई की कम बिक्री हुई। डीलरों को भेजे गए कुल 5,201 स्कूटर्स में से क्यूसीवन की 86 प्रतिशत यानी 4,461 यूनिट्स थीं और एक्टिवा ई की सिर्फ 740 यूनिट्स थीं।*



■ दोनों स्कूटर इस साल जनवरी में लांच किए गए थे

### कम बिक्री के मुख्य कारण

क्यूसीवन कम कीमत पर उपलब्ध था और पोर्टेबल चार्जर के साथ आता था। इसलिए यह बिक्री के मामले में एक्टिवा ई से आगे निकला। इसके अलावा बजाज, टीवीएस, एथर और ओला जैसी प्रमुख कंपनियां भी इसी तरह के प्रोडक्ट पेश कर रही हैं।

*बैटरी स्वैपिंग की चुनौती : एक्टिवा ई में बैटरी स्वैपिंग एक बेहतरीन तकनीक है, लेकिन इसके सफल होने के लिए एक मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। वर्तमान में होंडा अकेली प्रमुख कंपनी है जो इस तकनीक को पेश कर रही है। सीमित स्वैपिंग स्टेशनों की संख्या इसके सफल न होने का एक बड़ा कारण हो सकता है।*

### उत्पादन बंद करने की वजह

दोनों की कम बिक्री इनके उत्पादन बंद होने की सबसे बड़ी वजह बनी। होंडा कंपनी के दोनों स्कूटरों की खूब बिक्री होगी। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। ग्राहकों को ये स्कूटर ज्यादा पसंद नहीं आए या कहें कि लुभा नहीं पाए। फरवरी से जुलाई 2025 के बीच इन स्कूटर्स का कुल उत्पादन 11,168 यूनिट्स था। लेकिन डीलरों को केवल 5,201 यूनिट्स ही भेजी गईं। इसका मतलब है कि बनाई गई यूनिट्स में से आधे से ज्यादा अभी भी बिके बिना इन्वेंटरी के रूप में पड़े हैं। संभवत यही कारण है कि होंडा ने दोनों स्कूटर्स का उत्पादन रोक दिया है।

*कम शहरों में उपलब्धता : इसके अलावा सीमित उपलब्धता भी एक बड़ा कारण हो सकता है। एक्टिवा ई केवल मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली में उपलब्ध है। वहीं, क्यूसीवन छह शहरों (मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चंडीगढ़) में उपलब्ध है और शायद यही इसकी ज्यादा बिक्री का कारण भी है।*

# भारत, इजरायल एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे



■ दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिलेगा

एजेंसी ⏭ जेरुशलम

भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही।

भारत और इजरायल ने इस समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगमीकरण, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना तथा सेवा व्यापार को बढ़ावा देने के नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने यहां कहा, ''हम इसे दो चरणों में करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ता शुरू होने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। दोनों मंत्री चाहते हैं कि पहला चरण जल्द पूरा हो जाए ताकि व्यापारिक समुदाय को जल्द फायदा मिलना शुरू हो जाए।'' मंत्री द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने इजरायल आए हैं। वह 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों ने संवेदनशील मुद्दों को अभी छूने से बचने का फैसला किया है।

### एक दूसरे के देशों में निवेश ला सकेंगे

गोयल ने कहा कि दोनों देश देखेंगे कि ''नवाचार और आरएंडडी किस तरह एक-दूसरे के देशों में ज्यादा निवेश ला सकते हैं। हम संयुक्त परियोजनाओं पर काम करेंगे, जहां हमें उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिले और वे भारत जैसे बड़े बाजार का फायदा उठा सकें।''

## रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा

# अमेरिका के नए प्रतिबंधों से भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रॉसनेफ्ट और लुकोइल तथा उनकी बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो गए। इससे अब इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना या बेचना लगभग नामुमकिन हो गया है। भारत ने इस साल औसतन 17 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया और प्रतिबंधों से पहले यह मजबूत बना रहा।

*रूसी कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातकों पर अमेरिका के नए प्रतिबंध पूरी तरह लागू होने के बाद ऊर्जा बाजार से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि भारत में रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा, हालांकि यह पूरी तरह बंद नहीं होगा।*

### चार लाख बैरल प्रतिदिन आने कि उम्मीद

नवंबर में आयात 18–19 लाख बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है, क्योंकि रिफाइनरी सस्ते तेल की खरीद को अधिकतम कर रहे हैं। आगे चलकर दिसंबर और जनवरी में आपूर्ति में स्पष्ट गिरावट आने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार यह घटकर लगभग चार लाख बैरल प्रतिदिन तक रह सकता है।

### अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हुई

अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हो गई है, हालांकि रूस की मध्यस्थों और वैकल्पिक वित्त प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दी होगा।'' प्रतिबंधों के लागू होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी और मैंगलोर रिफाइनरी जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है।

### पिछले दो वर्षों से भारत को अच्छा मुनाफा दिया

विश्लेषकों का कहना है कि सस्ते रूसी तेल ने पिछले दो वर्षों में भारतीय रिफाइनरों को भारी मुनाफा दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा। भारत अपनी तेल जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। नए अमेरिकी प्रतिबंधों के पूरी तरह लागू होने के साथ भारत का रूसी तेल आयात अस्थिर और अनिश्चित दौर में प्रवेश कर गया है।



- ■ रुस से आयात का पूरी तरह बंद होगा संभव नहीं
- ■ रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू
- ■ इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना व बेचना हुआ मुश्किल
- ■ भारत ने इस साल औसत 17 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन आयात किया

### यूक्रेन पर हमले के बाद से तेल आयात में वृद्धि

परंपरागत रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से अपने तेल आयात में काफी वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंध और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूस से तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चा तेल आयात कुल आयात का एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गया।

### नवंबर में रूस बड़ा आपूर्तिकर्ता बना

नवंबर में भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा, जो कुल आयात का लगभग एक तिहाई है। केप्लर के रिफाइनिंग और मॉडलिंग के मुख्य अनुसंधान विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''हम निकट भविष्य में, विशेषकर दिसंबर और जनवरी में भारत के लिए रूसी कच्चे तेल के प्रवाह में स्पष्ट गिरावट की उम्मीद करते हैं।

### नयारा, रॉसनेफ्ट समर्थित

इस मामले में एकमात्र अपवाद नयारा एनर्जी है, जो रॉसनेफ्ट समर्थित है और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद अन्य स्रोतों से आपूर्ति कटने के कारण रूसी तेल पर भारी निर्भर है। रितोलिया ने कहा, ''नयारा के वादीनेर संयंत्र को छोड़कर कोई भी भारतीय रिफाइनर ओएफएसी-नामित संस्थाओं से जुड़े जोखिम नहीं लेना चाहता। खरीदारों को अपने अनुबंध, आपूर्ति मार्ग, स्वामित्व और भुगतान चैनलों को पुनः व्यवस्थित करने में समय लगेगा।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टाटा मोटर्स को घरेलू बिक्री पांच फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री लगभग पांच प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। चंद्रा ने कहा कि त्योहारी सत्र खत्म होने के बाद भी दबी हुई मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, इसलिए दूसरी छमाही में दो अंकों की वृद्धि होने की पूरी संभावना है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बिक्री में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी और त्योहारी मौसम में ही घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में सुधार हुआ। चंद्रा ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि अक्टूबर-मार्च में बिक्री दो अंकों में बढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि त्योहारी मांग की वजह से सितंबर में उद्योग को पांच प्रतिशत और अक्टूबर में 17 प्रतिशत की वृद्धि मिली थी। नवंबर और दिसंबर में भी दबी हुई मांग मजबूत है।



■ दबी मांग बहुत मजबूद बनी हुई

### कारोबार के लिहाज से बिजनेस अच्छा

इसलिए दोनों महीने कारोबार के लिहाज से बहुत अच्छे रहेंगे। उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में त्योहारों से पहले 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी, इसलिए पूरे साल में वृद्धि करीब पांच प्रतिशत के दायरे में रहेगी।'कंपनी की योजनाओं के बारे पूछने पर चंद्रा ने कहा कि मजबूत मांग का फायदा उठाते हुए हम वृद्धि की गति बनाए रखेंगे।

## एक्सिस बैंक एनसीडी से 5,000 करोड़ जुटाएगा



नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह कारोबार बढ़ाने के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। यह बैंक के निदेशक मंडल द्वारा मंजूर 35,000 करोड़ रुपये के धन जुटाने की योजना का हिस्सा है। बैंक का निजी नियोजन के आधार पर 5,000 करोड़ रुपये तक के पूरी तरह से भुगतान वाले, सीनियर, रेटेड, सूचीबद्ध, अनसिक्योर्ड, करयोग्य, विमोचनयोग्य, दीर्घावधिक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके कोष जुटाने का प्रस्ताव है।

# विदेशी निवेशक इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह नवंबर में खत्म होने वाले वायदा सौदों से पहले उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।

घरेलू स्तर पर बाजार दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और औद्योगिक उत्पादन जैसे बड़े आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन और वहां के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे। ये संकेत निकट भविष्य में जोखिम की भावना तय करेंगे और विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रभावित करेंगे।''

### सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया नया उच्चतम स्तर

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 669.14 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 158.1 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसबीच 20 नवंबर को सेंसेक्स ने 85,801.70 और निफ्टी ने 26,246.65 का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर बनाया।



■ आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान से तय करेंगे बाजार की दिशा

### मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अगर रुपये पर दबाव बना रहा तो निकट भविष्य में बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। आने वाले सप्ताह में निवेशक व्यापारिक घटनाक्रम, आईआईपी और जीडीपी आंकड़ों पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।'' निवेशक ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर पर भी पैनी नजर रखेंगे।

## राशिफल

**मेष** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** — अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** — कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** — विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** — कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन




**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कौशल भवन, नई दिल्ली में आयोजित एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक, एमएसएमई उद्यमी तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे मंच पर उत्कृष्ट सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के माननीय एमडी एवं सीईओ श्री कल्याण कुमार ने की। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि "एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उद्यमियों को हर संभव वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।"उन्होंने उद्यमियों को अपनी विकास यात्रा में बैंक को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली ज़ोन के ज़ोनल हेड श्री शीशराम तुन्दवाल के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने बैंक की विभिन्न एमएसएमई-अनुकूल पहलों और क्षेत्रीय प्रदर्शन का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान बैंक द्वारा 215 करोड़ के स्वीकृति एवं वितरण पत्र 75 एमएसएमई उधारकर्ताओं को सौंपे गए।

## सेंसेक्स इंडेक्स में होगी इंडिगो टाटा की कंपनी को लगा झटका

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाले इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर से बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने यह जानकारी दी। अब सोमवार को इस शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। शनिवार को शेयर 0.92% बढ़कर 5840.25 रुपए पर बंद हो गया। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने बताया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को इस सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सूचकांकों के पुनर्गठन के तहत इन बदलावों की घोषणा की है, जो 22 दिसंबर को बाजार खुलते ही प्रभावी हो जाएंगे। बीएसई 100 सूचकांक में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को शामिल किया जाएगा, जो अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की जगह लेगा। इसके अलावा बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड को जोड़ा जाएगा और इंडसइंड बैंक लिमिटेड को हटाया जाएगा। विमान बेड़े पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'प्लेनपॉटरडॉटनेट' के अनुसार 21 नवंबर तक इंडिगो के बेड़े में 411 विमान हैं। इनमे से 365 परिचालन में हैं और शेष 46 जमीन पर खड़े हैं। इंडिगो पारंपरिक रूप से विमान लीज पर लेकर उड़ानों का परिचालन करती रही है। हालांकि, कंपनी ने 12 अक्टूबर 2023 को इंडिगो आईएफएससी की स्थापना की जो विमान और इंजन लीज पर देती है। अब इंडिगो आईएफएस विमान की खरीद करता है और इंडिगो उसी से विमान लीज पर लेती है।

## शब्द पहेली - 6057




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल–3,3
5.मानवीयता–4
8.शरीर, बदन–2
9.ऊंचाई–3
10.तीर, बाण–2
11.मनमोहक–4
12.रग, नाड़ी–2
14.दुत्कारना–4
16.चतुर, फुर्तीला–3
18.साझेदार–4
20.रमण लायक–3,2
23.भारी, वजन वाला–5
26.असावधानी–4
27.दाल पीसना–3
29.निश्चित–4
30.कविता–2
32.शरीर व इच्छा–2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग–2
35.सलाम करना–3
36.रास्ता–2
37.राह पर चलनेवाले–4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस–6
2.गाय के स्तन–2
3.प्रसन्न होने का भाव–4
4.लगन, जिज्ञासा–3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में–3)
6.अधीन, काबू–2
7.डामर, टार–4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन–4
13.सच्चाई–2
15.दुश्मनी,शत्रुता–4
17.घूंघट, बुरखा–3
18.भाग्य का लेखा-जोखा–4
19.धूल, रेत–2
21.भवन, प्रसाद–3
22.जोड़, कुल–2
24.लावण्ययुक्त–4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,–3,3
27.विजयादशमी–4
28.मोड़, छोर–2
29.मृत्यु का देवता, यम–4
31.बुरी आदत–3
32.सभ्य व्यवहार–3
34.मार्ग–2
36.गोंद, वार्निश–2

### शब्द पहेली- 6056 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |



# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : लक्ष्य सेन बने चैंपियन, 38 मिनट चले मुकाबले में युशी तनाका को हराया



एजेंसी ⏭ सिडनी

भारत के लक्ष्य सेन ने 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

*लक्ष्य ने कहा, 'इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'*



### खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय

*विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजतर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था।*

### लक्ष्य ने की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

लक्ष्य ने आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और 6-3 की बढ़त बना ली, जबकि तनाका ने कई गलतियां कीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और तनाका ने अंतर 7-9 कर दिया, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने एक और शॉट नेट पर उलझा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली। लक्ष्य का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय दर्शक मौजूद थे और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। तनाका ने अपने जोरदार स्मैश और लक्ष्य की एक गलती का फायदा उठाकर स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया तथा बैकहैंड स्मैश और एक और जबरदस्त क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ 17-13 से चार अंकों की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और तनाका की एक और गलती से पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## खबर संक्षेप

### 28 नवंबर से जूनियर हॉकी विश्व कप, फ्री मिलेंगे टिकट

**मदुरै।** हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' उन्होंने कहा गया कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकट जीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं।

### एएफसी महिला चैंपियंस लीग से बाहर ईस्ट बंगाल



**वुहान।** ईस्ट बंगाल की टीम उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के हाथों 0-3 से हारकर एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। विजेता टीम के लिए दियोराखोन खाबीबुल्लाएवा (18वें और 90+8) ने दो गोल किए, जबकि जरीना नोरबोएवा ने 52वें मिनट में गोल किया। ईस्ट बंगाल ने इस टूर्नामेंट में अपने पहले अभियान का अंत तीन अंकों के साथ किया। यह टीम के लिए तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले ग्रुप बी में ईरान की बाम खातून एफसी को 3-1 से हराया था और चीन की वुहान जियांगडा एफसी से 0-2 से हार गई थी। इस जीत से उज्बेकिस्तान की टीम ने चार अंक के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### देवंदा ने बनाया रिकॉर्ड जीती अल्ट्रा चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा, 'अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीत ली।' अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं।

## गुवाहाटी टेस्ट दूसरा दिन: मुथुसामी ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक


# साउथ अफ्रीका ने कसा शिकंजा, खड़ा किया 489 का स्कोर, 480 रनों से पीछे टीम इंडिया

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया जबकि मार्को यानसन केवल सात रन से यह उपलब्धि हासिल करने से चूक गए लेकिन इन दोनों की शानदार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में 489 रन का विशाल स्कोर बनाया। मुथुसामी ने 206 गेंद पर 109 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल हैं। यानसन ने भारतीय स्पिनरों को निशाने पर रखकर 91 गेंद पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 93 रन की तूफानी पारी खेली। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारत ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के नौ रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल (नाबाद सात) और केएल राहुल (नाबाद दो) बनाकर पिच पर है।

### यानसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

*साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मार्को यानसन ने भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में इतिहास रच दिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में जबरदस्त खेल दिखाते हुए आतिशी अर्धशतक लगाया। यानसन 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 91 गेंद का सामना किया और छह चौके व सात छक्के लगाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में भी सर्वोच्च स्कोर रहा। मार्को यानसन ने सात छक्कों के जरिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वे टेस्ट में नंबर नौ पर खेलते हुए एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। दिलचस्प बात है कि भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट से पहले यानसन के नाम 31 टेस्ट पारियों में केवल छह ही छक्के थे।*



सेनुरन मुथुसामी मार्को यानसन

**मुथुसामी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि** : सेनुरन मुथुसामी टेस्ट क्रिकेट में नंबर 7 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये कारनामा क्विंटन डी कॉक ने 2019 में किया था। उस मैच में उन्होंने 111 रन बनाए थे। वहीं लांस क्लूजनर 1997 में केपटाउन में ये कारनामा किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम बो बुमराह | 38 | 81 | 5 | 0 |
| रिकलटन का पंत बो कुलदीप | 35 | 82 | 5 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो कुलदीप | 49 | 152 | 4 | 2 |
| बावुमा का जायसवाल बो जडेजा | 41 | 92 | 5 | 0 |
| जॉर्जी का पंत बो सिराज | 28 | 59 | 3 | 1 |
| मुल्डर का जायसवाल बो कुलदीप | 13 | 18 | 2 | 0 |
| मुथुसामी का जायसवाल बो सिराज | 109 | 206 | 10 | 0 |
| काइल वेरेने स्ट पंत बो जडेजा | 45 | 122 | 5 | 0 |
| मार्को यानसेन बो कुलदीप | 93 | 91 | 6 | 7 |
| सिमोन हार्मर बो बुमराह | 05 | 25 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 12 | 31 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : 21 | | | | |
| कुल योग : 151.1 ओवर में 489 रन पर सभी आउट | | | | |
| गेंदबाजी : बुमराह 32-10-75-2, सिराज 30-5-106-2, रेड्डी 6-0-25-0, सुंदर 26-5-58-0, कुलदीप 29.1-4-115-4, जडेजा 28-2-94-2 | | | | |
| भारत की पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
| जायसवाल खेल रहे हैं | 07 | 23 | 1 | 0 |
| राहुल खेल रहे हैं | 02 | 14 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 00 | | | | |
| कुल योग : 6.1 ओवर में बिना विकेट गंवाए 09 रन | | | | |
| गेंदबाजी : मार्को यानसेन 3.1-1-9-0, वियान मुल्डर 3-3-0-0, | | | | |

## मुशफिकुर रहीम ने ठोका शतक

# आयरलैंड को हराकर बांग्लादेश ने सीरीज की क्लीन स्वीप



एजेंसी ⏭ मीरपुर

मुशफिकुर रहीम ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा, जिससे बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 217 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। मुशफिकुर ने पहली पारी में 106 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 53 रन की पारी खेली, जिससे उन्होंने मैच में कुल 159 रन बनाए जबकि लिटन दास ने 128 रन की शतकीय पारी खेली। इससे मेजबान टीम ने पहली पारी में 476 रन बनाए। आयरलैंड के ऑफ-स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 109 रन पर छह विकेट झटककर बांग्लादेश को 500 रन से पहले ही रोक दिया। लेकिन ताइजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में 76 और 94 रन देकर चार चार विकेट झटके। इससे वह 250 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए।

### आयरलैंड पहली पारी में 265 रन पर सिमटी

आयरलैंड की टीम पहली पारी में 265 रन पर सिमट गई। लेकिन बांग्लादेश ने फॉलो-ऑन नहीं दिया। दूसरी पारी में शादमान इस्लाम (78) और महमूदुल हसन जॉय (60) ने मिलकर 119 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद मोमिनुल हक ने 87 रन बनाए, जिससे बांग्लादेश ने चार विकेट पर 297 रन पर पारी घोषित कर दी। अब आयरलैंड को जीत के लिए 509 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। आयरलैंड की जोड़ी हैरी टेक्टर (50) और कर्टिस कैंपर (नाबाद 71 रन) ने डटे रहकर मैच को पांचवें दिन तक पहुंचाया। लेकिन उसकी दूसरी पारी 291 रन पर खत्म हुई। बांग्लादेश ने पहला मैच पारी और 47 रन से जीता था। दोनों टीमें अब 29 नवंबर से चटगांव में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगी।

# पिता की तबीयत खराब के चलते स्मृति मंधाना की शादी टली



भाषा ⏭ सांगली

स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास के बीमार पड़ने के कारण भारतीय महिला टीम की इस दिग्गज क्रिकेटर और संगीतकार पलाश मुच्छल की शादी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मंधाना और पलाश की शादी रविवार (23 नवंबर) को होनी थी। मंधाना अपने पिता से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं, जो उनके क्रिकेट करियर में लगातार उनका साथ देते रहे हैं। मंधाना के प्रबंधक तुहिन मिश्रा ने बताया कि विश्व कप विजेता क्रिकेटर के पिता को रविवार सुबह अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई। मिश्रा ने कहा, '' स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास मंधाना आज सुबह नाश्ता करते समय तबीयत बिगड़ने लगी। हमने सोचा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए हमने एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वह चिकित्सकों की निगरानी में है।'' मिश्रा ने कहा कि पिता की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए मंधाना ने उनके ठीक होने तक अपनी शादी स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, '' मंधाना अपने पिता के बहुत करीब हैं। इसलिए उन्होंने शादी को तब तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया है जब तक उनके पिता ठीक नहीं हो जाते।''


# कल से सैयद मोदी चैंपियनशिप ओकुहारा, प्रणय लेंगे हिस्सा

एजेंसी ⏭ लखनऊ



पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत, ओलंपियन नोजोमी ओकुहारा और एचएस प्रणय जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रही सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय एचएसबीसी विश्व टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए तैयार है। मौजूदा महिला युगल चैंपियन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी इस चैंपियनशिप में वापसी करेंगी। इस प्रतियोगिता में प्रियांशु राजावत, तन्वी शर्मा, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में भारत के 152 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल भाग ले रहा है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रविवार को घोषणा की कि कुल 240,000 डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। क्वालीफायर और मुख्य ड्रॉ के चुनिंदा मैच मंगलवार को खेले जाएंगे, जबकि इसका फाइनल 30 नवंबर को होगा। पांचों स्पर्धाओं (पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल) में 32 खिलाड़ियों (या जोड़ियों) के बीच मुकाबला होगा, जिसमें 28 को सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि चार क्वालीफायर के जरिए रास्ता बनाएंगे।

## महिला वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में रविवार को वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के महिला फाइनल में लातविया की टीना ग्राउडिना, क्रिस्टन नुस (बाएं) और यूएस की टैरिन ब्रेशर के खिलाफ ब्लॉक करती हुईं।

# अभिनव देशवाल ने बधिर ओलंपिक में 25 मी पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

**तोक्यो।** अभिनव देशवाल ने रविवार को यहां बधिर ओलंपिक खेलों में क्वालिफिकेशन में रिकॉर्ड के साथ 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम कर भारत के लिए निशानेबाजी में 15वां पदक जीता। उन्होंने फाइनल में 44 का स्कोर बनाकर दक्षिण कोरिया के सेउंग ह्वा ली को हराया जिन्होंने 43 का स्कोर बनाया। यूक्रेन के सेरही फॉर्मिन ने कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज चेतन हनमंत सपकाल पांचवें स्थान पर रहे। अभिनव ने फाइनल की शुरुआत पांच परफेक्ट हिट के साथ की। फिर दूसरी सीरीज में चार और हिट लगाए। उन्होंने 20 में से अगले 18 शॉट लगाए जिसमें परफेक्ट फाइव की दो सीरीज और चार हिट के दो राउंड शामिल थे। 10वें और आखिरी राउंड में अभिनव ने तीन शॉट लगाए जो फाइनल में उनका सबसे कम स्कोर था लेकिन स्वर्ण पदक जीतने के लिए यह काफी था। इससे पहले क्वालिफिकेशन में अभिनव ने 575-13एक्स के स्कोर के साथ विश्व बधिर क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड और बधिर ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की।

## नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी

# भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप

एजेंसी ⏭ कोलंबो

भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही।



### यह एक ऐतिहासिक जीत कप्तान दीपिका

खिताबी जीत के बाद टीम की कप्तान दीपिका टीसी ने कहा, 'हमें अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है और यह एक ऐतिहासिक जीत है। हमारी पूरी टीम ने इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत की है। यह एक बेहद मजबूत टीम है, और अब अन्य टीमें हमारे साथ खेलने से कतराती हैं। हम तो अब पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के साथ भी खेलने के लिए तैयार हैं।'

### सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था

भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




पाकिस्तानी मीडिया द्वारा फैलाए जा रहे झूठे प्रचार पर फ्रांस की नौसेना का करारा जवाब

## ऑपरेशन सिंदूर में न कभी पाकिस्तान को बढ़त मिली और न कोई राफेल गिरा...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 से 10 मई 2025 तक की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्यवाही को लेकर पाकिस्तान के मीडिया द्वारा फैलाए जा रहे झूठे और भ्रामक प्रचार को लेकर रविवार को फ्रांस की नौसेना ने कड़ा पलटवार किया है। जिसमें उन्होंने ये साफ कर दिया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच इस साल मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष (ऑपरेशन सिंदूर) के दौरान हुई हवाई भिड़ंत में न कभी पाकिस्तान को भारत के खिलाफ बढ़त मिली और न ही इस दौरान कोई राफेल लड़ाकू विमान नष्ट हुआ है।

फ्रांस की नौसेना ने पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स को बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार करने वाली बताया है। बताते चलें कि इस सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई समेत अन्य लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान की नाक में इतना दम कर दिया था कि उसे आखिरकार भारत के सामने संघर्षविराम करने के लिए नाक रगड़नी पड़ी थी। भारत पहले ही पड़ोसी दुश्मन देश के इस दावे को सिरे को खारिज कर चुका है। इस मामले पर भारत के अंदर भी राजनीतिक टीका-टिप्पणियां की गई हैं।

### यह है पूरा मामला

दरअसल ये पूरा मामला पड़ोसी दुश्मन देश के मीडिया में किए गए उस दावे से जुड़ा हुआ है, जियो टीवी और उसके संवाददाता हामिद मीर को कहा एक फ्रांसीसी कमांडर कैप्टन जॉक्विस ल्यूने के हवाले से एक खबर प्रकाशित करते हुए कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में दोनों वायुसेनाओं के बीच हुई हवाई टक्कर में पाकिस्तान भारत से आगे था, उनकी वायुसेना भी बहुत अच्छी तरह से तैयार थी। फ्रांस द्वारा नई दिल्ली को दिया गया एक राफेल जंगी विमान भी नष्ट हो गया था। पीछे चीन के जे-10-सी लड़ाकू विमानों की वजह से मिली तकनीकी बढ़त वजह नहीं है।

**कमांडर बोले, फेक न्यूज है-** वहीं, मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कमांडर ल्यूने ने कहा कि पाक मीडिया द्वारा किया गया ये दावा पूरी तरह से गलत है। क्योंकि उन्होंने इसके संबंध में मेरी कोई मंजूरी नहीं ली है। ये पूरी की पूरी खबर गलत (फेक न्यूज) है। लेख में काफी बड़े पैमाने पर गलत और भ्रामक जानकारी दी गई है। फ्रांसीसी नौसेना ने जियो टीवी और उसके संवाददाता हामिद मीर को अपनी खबर में यूं गलत जानकारी देने के लिए तलब किया है। साथ ही कहा है कि मीर की रिपोर्ट से एक बार फिर से संघर्ष के दौरान राफेल विमान को गिराए जाने को लेकर पाकिस्तान के दुष्प्रचार का पर्दाफाश हो गया है। यह सब ऐसे वक्त में हो रहा है। जब आधिकारिक संस्थान पाक के प्रॉपेगेंडा को गलत ठहरा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आप जानते हैं कि झूठ फैलाने वाला पाक तंत्र गंभीर निराशा के साथ कितना उग्र हो गया है।

## कनाडा में गायब हुए पाकिस्तानी फ्लाइट अटेंडेंट

**कराची।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के एक सीनियर फ्लाइट अटेंडेंट आसिफ नजम कनाडा में गायब हो गए हैं। वे 16 नवंबर 2025 को लाहौर से टोरंटो (फ्लाइट पीके-789) पहुंचे थे। उन्हें 19 नवंबर को वापसी फ्लाइट पीके-798 पर ड्यूटी करनी थी, लेकिन वो ड्यूटी पर नहीं आए। जब एयरलाइन ने उन्हें फोन कर नहीं आने का कारण पूछा तब आसिफ ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाया। इसके बाद आसिफ का फोन स्विच ऑफ हो गया। उनका अबतक कुछ पता नहीं चला है। पीआईए ने इसकी जांच शुरू कर दी है। पीआईए ने कहा है कि अगर आसिफ के गैरकानूनी तरीके से गायब होने की बात सामने आई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति रामफोसा के बीच हुई बैठक का निष्कर्ष

# भारत-दक्षिण अफ्रीका एआई, जटिल खनिजों के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

जापान, कनाडा और इटली के प्रधानमंत्रियों के साथ भी हुई पीएम की द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ संकट और अन्य जटिल सैन्य संघर्षों के बीच जोहान्सबर्ग में रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ मुलाकात और द्विपक्षीय बैठकों का सिलसिला चलता रहा। जिसमें सम्मेलन के मेजबान दक्षिण-अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, जापान की पिछले महीने निर्वाचित हुईं प्रधानमंत्री साने ताकाइची, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी शामिल हैं।

जापान में संसदीय चुनावों में जीत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री ताकाइची के साथ पीएम मोदी की यह पहली द्विपक्षीय बैठक थी। जिसे लेकर पीएम ने कहा, 'प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ मेरी बैठक बहुत उपयोगी रही है। हमने नवाचार, रक्षा और प्रतिभा गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की है।

उन्होंने व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने की उम्मीद जताई है। पीएम ने ये भी कहा कि बेहतर वैश्विक परिवेश के निर्माण में जापान-भारत संबंध एक अनिवार्य तत्व है'। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ दक्षिण-अफ्रीका से पहले पीएम कनाडा के कनानसकीस में इसी साल जून में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक के जरिए संवाद कर चुके हैं। इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ भी पूर्व में पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक हो चुकी है। इन उच्च-स्तरीय बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों के मुद्दे पर व्यापक रूप से चर्चा की गई है। इसके अलावा साझा हितों से जुड़े हुए मामले भी चर्चा में शामिल किए गए। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।



## ब्रिक्स को लेकर दिया समर्थन

प्रधानमंत्री मोदी ने चीतों को भारत स्थानांतरित करने के लिए दक्षिण-अफ्रीका का धन्यवाद दिया और दक्षिण-अफ्रीका के राष्ट्रपति को भारत के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

दोनों नेता वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करने के लिए एकजुटता से काम करने के लिए तैयार हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पीएम ने इबसा के तहत समूह नेताओं की बैठक आयोजित करने की राष्ट्रपति रामफोसा की पहल का स्वागत किया। जबकि दक्षिण-अफ्रीकी राष्ट्रपति ने 2026 में की जाने वाली भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए अपने देश के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। बातचीत में पीएम मोदी ने नई दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन में लिए गए फैसलों को आगे बढ़ाने और उन पर अमल करने के लिए दक्षिण-अफ्रीका के प्रयासों की सराहना की।

## दक्षिण-अफ्रीका संग बढ़ेगा निवेश-व्यापार

राष्ट्रपति रामफोसा के साथ बैठक में दोनों नेताओं ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की है।

अफ्रीका महाद्वीप के इस देश में बढ़ती भारतीय कंपनियों की उपस्थिति का स्वागत किया और अवसंरचना, प्रौद्योगिकी, नवाचार, खनन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में आपसी निवेश को सुविधाजनक बनाने पर सहमति जताई है। बैठक में व्यापार, निवेश, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास, खनन, युवा आदान-प्रदान और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को लेकर पीएम मोदी और राष्ट्रपति रामफोसा ने संतोष जाहिर किया।

## *वैश्विक संगठनों के प्रमुखों से मिले मोदी*

*पीएम ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए दक्षिण-अफ्रीका में हुई मुलाकातों के बारे में जानकारी दी। जिसमें उन्होंने जर्मनी, जापान, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, जमैका, इथोपिया और सियरा लियोन के राष्ट्रप्रमुखों का उल्लेख किया है। अपनी अन्य एक्स पोस्ट में डब्ल्यूएचओ, डब्ल्यूटीओ के डीजी और आईएमएफ की एमडी क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से हुई मुलाकात के बारे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने बताया है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से हुई मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताते हुए पीएम ने कहा कि दोनों देशों के संबंध बहुत ही मजबूत हैं। जिसमें व्यापार, तकनीक और नवाचार जैसे क्षेत्र मुख्य रूप से शामिल हैं।*

